रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
# पायनियर
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 23 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-122 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राष्ट्र भूभाग नहीं सनातन मूल्य से जुड़ा विचार और संस्कृति : बागड़े



**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि राष्ट्र कोई भूभाग भर नहीं होता है, यह संस्कृति और सनातन मूल्य से जुड़ा विचार है। बागडे एक होटल में 'नवोत्कर्ष विक्रम संवत 2081' कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम है और बाद में सब है, इस मानसिकता का प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो संस्कार मिलते हैं, उसी से भविष्य का विचार बनता है। उन्होंने देश में मैकाले द्वारा प्रारंभ शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसके जरिए भारतीय संस्कृति को जड़ों से उखाड़ने के निरंतर प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को कभी कोई मिटा नहीं सकता क्योंकि यह हमारे रक्त में घुला है।

### गैस टैंकर हादसे के बाद जिला प्रशासन द्वारा एसएमएस अस्पताल में कैंप कार्यालय का संचालन




**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में भांकरोटा के पास हुए गैस टैंकर हादसे को लेकर जिला प्रशासन संपूर्ण संवेदनशीलता बरतते हुए दुर्घटना पीड़ितों, घायलों के सर्वोत्तम उपचार एवं मृतकों के आश्रित परिजनों की सभी जरूरतों के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सवाई मानसिंह अस्पताल में कैंप कार्यालय संचालित किया जा रहा है। इस कैंप कार्यालय में 24 घंटे के दौरान तीन शिफ्टों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

### भाजपा ने की केजरीवाल के पूर्वांचल के लोगों को बंगलादेशी और रोहिंग्या से जोड़ने की कड़ी निंदा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के पूर्वांचल के लोगों को बंगलादेशी और रोहिंग्या बताने की निंदा की और कहा कि एक दशक में आप सरकार ने पूर्वांचल के लोगों के लिए कोई कार्य नहीं किया और इनको जवाब देने का समय आ गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पूर्वांचल के लोगों को बंगलादेशियों और रोहिंग्या से जोड़ने की तीखी आलोचना की।

# छत्तीसगढ़ ने वन एवं वृक्ष आवरण क्षेत्र में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज कर, देश में पहला स्थान हासिल किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com


फाइल फोटो

भारत राज्य वन रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार, छत्तीसगढ़ ने वन और वृक्ष आवरण क्षेत्र में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य ने 94.75 वर्ग किलोमीटर के वन आवरण क्षेत्र की वृद्धि की है, जो आईएसएफआर 2021 की तुलना में 0.07% की बढ़ोतरी को दर्शाता है। अब छत्तीसगढ़ का कुल वन आवरण क्षेत्र 55,811.75 वर्ग किलोमीटर हो गया है। आईएसएफआर 2023 में यह भी उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ ने वन और वृक्ष आवरण क्षेत्र में कुल 683.62 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की है, जो देश के अन्य राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान से कहीं अधिक है। इसके साथ ही, राज्य ने वृक्ष क्षेत्र में भी 702.75 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हासिल की है, जो छत्तीसगढ़ को इस क्षेत्र में भी शीर्ष पर रखता है। वन क्षेत्र की संरचना में सुधार भी राज्य की एक और बड़ी उपलब्धि है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 से 2023 के बीच, छत्तीसगढ़ में बहुत सघन वन का क्षेत्र 7,068 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 7,416.57 वर्ग किलोमीटर हो गया है, जो 348.57 वर्ग किलोमीटर की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। इसी तरह, खुले वन क्षेत्र में भी वृद्धि हुई है, जो 16,370 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 16,411.38 वर्ग किलोमीटर तक पहुंच गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने कहा इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव देव साय और वन मंत्री श्केदार कश्यप के नेतृत्व एवं ऋचा शर्मा, अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मार्दर्शन में वन विभाग की समर्पित टीम को जाता है। उन्होंने इस सफलता को सामुदायिक वनीकरण कार्यक्रमों एवं मजबूत वन संरक्षण उपायों का परिणाम बताया। उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि राज्य की समृद्ध जैव विविधता को संरक्षित करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छत्तीसगढ़ वन विभाग ने वन क्षेत्र में वृद्धि के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान, संरक्षण परियोजनाएं, और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी शामिल है। संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से स्थानीय समुदायों को शामिल करते हुए प्राकृतिक आवासों के संरक्षण और सतत आजीविका सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। आईएसएफआर 2023 के नतीजे यह स्पष्ट करते हैं कि छत्तीसगढ़ विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। राज्य का वन विभाग वन क्षेत्र को और बढ़ाने, वन्यजीव आवासों को संरक्षित करने, और आने वाली पीढ़ियों के कल्याण के लिए वनों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के अपने मिशन को लेकर प्रतिबद्ध है।

### बाघों को भाने लगे छत्तीसगढ़ के घने जंगल

**बिलासपुर।** कान्हा टाइगर रिजर्व के बाघों ने बीते दिनों में छत्तीसगढ़ के जंगलों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। माना जा रहा है कि मध्यप्रदेश और कान्हा पार्क में उनकी बढ़ती संख्या और सीमित क्षेत्र ने इन बाघों को नए ठिकाने की तलाश में निकलने पर मजबूर किया। वन विभाग के कैमरों और सतर्कता दल की मदद से इन बाघों की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा रहा है। कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 100 से अधिक हो गई है। यहां से अचानकमार और भोरमदेव जैसे इलाकों तक बने कॉरिडोर बाघों के प्राकृतिक आवागमन का हिस्सा हैं। करीब 20 दिन पहले कान्हा में वन विभाग के अफसरों ने महसूस किया कि रिजर्व के छह बाघ गायब हैं। तलाश के बाद पता चला कि दो बाघ अचानकमार टाइगर रिजर्व और चार बाघ भोरमदेव क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व में लगाए गए कैमरों में 'टी-200' नामक बाघ की पहचान हुई। यह बाघ इसी साल कान्हा रिजर्व में देखा गया था। बाघ ग्रामीण इलाकों के पास नजर आ रहा था। अब वह गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व की तरफ आगे बढ़ गया है। विशेषज्ञों की टीम निगरानी कर रही है, और बाघों के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ में बाघों का आगमन शुभ संकेत देता है। क्योंकि बीते सालों मे बाघों की संख्या में रिकार्ड गिरावट दर्ज की गई थी। अब एक बार फिर बाघों को छत्तीसगढ़ के घने जंगल भाने लगे है।


फाइल फोटो

### महेश गागड़ा बने 'छत्तीसगढ़ वॉलीबाल संघ' के नए प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी बधाई



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महेश गागड़ा को छत्तीसगढ़ वॉलीबाल संघ का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दी हैं। छत्तीसगढ़ वॉलीबाल संघ के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश गागड़ा के साथ रविवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस अवसर पर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह, छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव विक्रम सिसोदिया, छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ के सचिव हेम प्रकाश नायक, उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाण्डेय, छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय किसान दिवस की दी बधाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी किसानो को राष्ट्रीय किसान दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानो के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने किसानों से 21 क्विंटल के मान से 3100 रुपये में धान खरीदी करने के साथ ही 3716 करोड़ रुपए धान बोनस की राशि भी किसानों को प्रदान की है। सीएम साय ने कहा कि किसानों के मसीहा माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसम्बर को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रखने वाले चौधरी चरण सिंह किसानों के लिए किए गए कार्यों के लिए हमेशा याद किये जाएंगे।

## धनखड़ ने चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 प्रदान किए

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि, ग्रामीण विकास और पत्रकारिता में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 प्रदान किए। उप राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में धनखड़ ने चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 में कृषि, ग्रामीण विकास और पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया। नीरजा चौधरी को व्यावहारिक पत्रकारिता के प्रति समर्पण के लिए कलाम रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। जल संरक्षण में अग्रणी प्रयासों के लिए 'भारत के जलपुरुष' डॉ. राजेंद्र सिंह को सेवा रत्न पुरस्कार दिया गया। कृषि अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए डॉ. फिरोज हुसैन को कृषक उत्थान पुरस्कार प्रदान किया गया। कृषि उत्कृष्टता में योगदान के लिए प्रीतम सिंह को किसान पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### कृषि और ग्रामीण विकास के बिना विकसित राष्ट्र संभव नहीं: धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ग्रामीण भारत और कृषि विकास के बिना विकसित राष्ट्र का स्वप्न पूरा करना संभव नहीं है। धनखड़ ने उप राष्ट्रपति भवन में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। जब तक कृषि का विकास नहीं होगा, ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदल सकता और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलेगा, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं रख सकते। देश की आर्थिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस समय भारत पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। निस्संदेह, हमारी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है। हम वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े देश हैं और जापान और जर्मनी से आगे निकलकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं लेकिन वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के लिए हमारी आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए जो एक बड़ी चुनौती है। धनखड़ ने गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गांव की अर्थव्यवस्था तभी बेहतर हो सकती है।

### मुकेश बंसल बने सीएम के सचिव, कटारिया को मिली स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





राज्य सरकार ने 3 आईएएस के प्रभार बदले हैं। इसमें आईएएस अमित कटारिया को पोस्टिंग मिल गई है। साथ ही आईएएस मुकेश बंसल को सीएम सचिव का अतिरिक्त प्रभार मिला है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर बताया कि अमित कटारिया, भा.प्र.से. (2004), को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटने पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। अमित कटारिया द्वारा सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से मनोज कुमार पिंगुआ, भा.प्र.से. (1994), अपर मुख्य सचिव, गृह एवं जेल विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग केवल अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। शेष प्रभार यथावत हेगा। मुकेश कुमार बंसल, भा.प्र.से. (2005), सचिव, वित्त विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव, वाणिज्यिक कर ( आबकारी एवं पंजीयन को छोड़कर) एवं अध्यक्ष पेंशन निराकरण समिति को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव, मुख्यमंत्री का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

## कुवैत में प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

वार्ता < कुवैत सिटी/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुवैत सिटी के बयान पैलेस में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। मोदी की कुवैती नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने से पहले कुवैत के प्रधानमंत्री शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा ने उनकी अगवानी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 'एक्स' पर कहा, प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक यात्रा पर विशेष स्वागत! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान पैलेस में पहुंचने पर औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर। कुवैत के प्रधानमंत्री महामहिम शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। महामहिम अमीर, क्राउन प्रिंस और कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ व्यापक बातचीत होगी। कुवैत द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कुवैती और भारतीय पक्षों ने दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, लोगों, विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के साधनों, सहयोग के विस्तार, आम चिंता के प्रमुख मुद्दों तथा क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में नवीनतम विकास पर चर्चा की।

### मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने कुवैत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से सम्मानित किया। इस अवसर पर कुवैत के शाहज़ादा एवं प्रधानमंत्री शेख अहमद अल-अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा भी उपस्थित थे। मोदी ने यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती, कुवैत में भारतीय समुदाय और भारत के 1.4 अरब लोगों को समर्पित किया। करीब 43 वर्षों के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री की कुवैत की इस ऐतिहासिक यात्रा पर यह सम्मान प्रदान किए जाने से इस अवसर का विशेष अर्थ जुड़ गया है।

### पीएम मोदी रोजगार मेले में 71 हजार कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार मेले में केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों तथा संगठनों में नवनियुक्त कर्मियों को आभासी माध्यम से 71,000 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। वह इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्ति करण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। रोजगार मेला देश भर में 45 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए समय समय पर भर्तियां की जा रही हैं। देश भर से चयनित नए कर्मचारी गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में तैनात किये जायेंगे।

**13 हजार फर्जी गाड़ियों के नम्बर कराए उपलब्ध**

# नुवोका विस्टास ने कई फर्जी वाहनों से डीलरों को की हजारों टन सीमेंट की सप्लाई, व्यापारी ने जीएसटी विभाग में की शिकायत

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर एक्सपोज

नुवोका विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दोपहिया वाहन, कार, स्कूल व कॉलेज बस, ट्रैक्टर, चैन माउंटेन मशीन तथा आरसी कैंसल्ड गाड़िया और ऐसी ब्लैकलिस्टेड गाड़ियां जिसका बीमा, फिटनेस, टैक्स सब खत्म हो चुका है, ऐसी गाड़ियों में कंपनी के द्वारा 500-600 बोरी सीमेंट की सप्लाई बीते 6 वर्षो से की जा रही है। जिसकी शिकायत जिले के डौंडीलोहारा निवासी अमित जैन के द्वारा स्टेट जीएसटी विभाग से की गई है। जय ट्रेडर्स के अमित जैन ने मेल और फोन के माध्यम से शिकायत कर करीबन 13 हजार फर्जी गाड़ियों के नम्बर एक्सल डाटा में उपलब्ध कराए है, जिसमें बकायदा उन सीमेंट एजेंसियों के नाम है, जिन्हें मारुति कार, महिंद्रा डीआई, थ्री वीलर ऑटो, टाटा एसी, टीवीएस एक्सएल (दोपहिया वाहन) वाहनों में 500 से 600 बोरिया सीमेंट की सप्लाई की गई है। शिकायत कर्ता अमित जैन ने आरोप लगाते हुए बताया कि जीएसटी विभाग को पिछले महीने में कई बार शिकायत की गई है। लेकिन विभाग को शायद भारतीय राजस्व की कोई चिंता ही नहीं है या बड़ी कंपनी के लिए जीएसटी विभाग के नियम कानून बदल जाते है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि नुवोका विस्टास कॉर्पोरेशन कंपनी अपने सीएंडएफ दुर्गा कंस्ट्रक्शन शशि भूषण शुक्ला के माध्यम से बोगस और फर्जी बिल का कार्य जोरो शोरो से कर रही है। इन सभी गाड़ियों के बिल, बिल्टी शशि भूषण शुक्ला और कंपनी के अधिकारियों द्वारा तैयार किया जाता है। इस प्रकार का कार्य वास्तव में निंदनीय है। अमित जैन ने जीएसटी विभाग से नुवोका विस्टास कॉर्पोरेशन का जीएसटी नम्बर कैंसिल करने की मांग की हैं। वही उन्होंने मेल के माध्यम से की गई शिकायत में कहा है कि कंपनी का बीते 7 वर्षो रिकॉर्ड चेक करना चाहिए। मेल में जो एक्सल शीट अपलोड है, जिसमें 13 हजार से ज्यादा गाड़ियों का डेटा है। वही उन्होंने कहा है कि अगर जीएसटी विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नही की जाती है तो इसकी शिकायत पीएमओ से की जाएगी।



**अमित जैन द्वारा प्रदान की गई फर्जी वाहनों की जानकारी**

| वाहन और नम्बर | कुल मीट्रिक टन |
|---|---|
| कार- सीजी 04 जेडी 6505 | 1.5 |
| पिकअप- सीजी 14 ए 2422 | 1.5 |
| महिंद्रा डीआई- सीजी 04 जेसी 7922 | 2.5 |
| फोर्स- सीजी 07 सीए 263 | 1.5 |
| बोलेरो- सीजी 25 डी 6824 | 1.5 |
| थ्री वीलर ऑटो- सीजी 04 जेए 1279 | 0.5 |

### इस तरह होता था गोलमाल

कंपनी ने इस पूरे मामले में कई तरीकों से गोलमाल किया। मामले में है। पहला तो डीलरों से एडवांस लेकर सीमेंट की सप्लाई नहीं की गई और उन्हीं डीलरों के नाम पर बोगस बिलिंग करके जीएसटी की चोरी की गई। फिर उसी सीमेंट को ब्लैक में बेचकर फिर से काली कमाई की गई। जांच में यह भी आ सकता है कि कंपनी द्वारा फर्जी डीलरों को बिल बेचा गया, जिसके लिए उनसे 6 से 7 प्रतिशत लिया गया। इस बिल से डीलरों ने 28 प्रतिशत का जीएसटी बचा लिया।

शिकायत प्राप्त हुई है, जांच कर कार्यवाही की जाएगी, दोषियों को बख्शा नही जाएगा, पहले भी कुछ सीमेंट कंपनी पर कार्यवाही हुई है।

-प्रतीक जैन

**ऐसा हुआ खुलासा-** जय ट्रेडर्स की संचालक मोनिका जैन ने वर्ष 2020-21 में नूवोको विस्टास कंपनी से 1 लाख 22 हजार 968 बोरी और 2021-22 में 88 हजार 337 बोरी सीमेंट खरीदने के लिए 20 लाख रुपये एडवांस राशि जमा की थी। फरवरी 2022 में एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने के बाद तक 7 हजार 820 बोरी सीमेंट कंपनी ने फर्म को नहीं भेजा, लेकिन एडवांस भुगतान की राशि को समायोजित कर लिया। इस संबंध में पूछताछ करने पर फर्म के अधिकारियों ने सीमेंट की डिलीवरी करना बताया, तब डीलर ने पूरी जानकारी कंपनी से निकाली।

तब मालूम चला को ऐसी फर्जी बिलिंग सैकड़ों डीलरों के नाम पर की गई हैं। मामले में बालोद थाने में 19 दिसंबर 2022 को एफआईआर भी दर्ज किया गया है, जिसमें कंपनी के एक कर्मी को जेल भी हुई थी।

**13 हजार से अधिक फर्जी वाहनों में की गई सैकड़ों टन सीमेंट की सप्लाई-** अमित जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई में संचालित माइलस्टोन स्कूल की बस क्रमांक सीजी 07 सी 8956, डीएवी पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक सीजी 07 सी 9744, डीपीएस स्कूल की बस क्रमांक सीजी 07 सी 0526, एक इंजीनियरिंग कॉलेज के बस क्रमांक सीजी 07 सीए 8276, एमएल पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक सीजी 07 सी 1479 इसी तरह 13 हजार से अधिक ऐसी गाड़ियां है जिनमें सैकड़ो मीट्रिक टन सीमेंट की सप्लाई बताई गई है।

# उज्जैन को तकनीकी, संस्कृति और आर्थिक शक्ति का बनायेंगे केन्द्र : मोहन यादव

पायनियर संवाददाता ➤ उज्जैन
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिन उज्जैन के निवासियों के लिए और हम सबके लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। यह एक अलग इतिहास बनकर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। उज्जैन जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्व प्रसिद्ध है, अब तकनीकी क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाएगा। डॉ यादव यहां आईटी पार्क के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने इंदौर रोड़ पर एमपी इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा 46 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले आईटी पार्क का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री ने आगामी फरवरी-2025 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लोगो को लॉन्च किया। साथ ही इंवेस्टर समिट की ऑफिशियल वेबसाईट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उज्जैन में प्राचीनकाल से ही विज्ञान, खगोलशास्त्र और गणित के विद्वान रहे हैं। इसी भूमि पर आधुनिक विज्ञान की नींव रखी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं को अब रोजगार की तलाश में घर से अधिक दूर नहीं जाना होगा। हम एक नए ईको सिस्टम का निर्माण करेंगे। वर्तमान समय में देश और प्रदेश में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं। हमारे देश में सबसे अधिक आबादी युवा वर्ग की है। हमारी युवा शक्ति में भविष्य की संभावनाओं को लेकर आगे बढ़ने की सकारात्मक शक्ति है। हमारे युवाओं के हाथ में शक्ति, उनके पैरों में गति और मस्तिष्क में भविष्य की दूरदृष्टि है। बस उन्हें सरकार के प्रोत्साहन की आवश्यकता है। हमारे देश के युवा विश्व की कई बड़ी कंपनियों में सीईओ के पद पर पदस्थ हैं तथा भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। पूरी दुनिया आशा से भारत की तरफ देख रही है। डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में आईटी पार्क के निर्माण के बाद प्रत्यक्ष रूप से 500 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और सहायक सेवाओं (कैफे, परिवहन और आवास) के माध्यम से 1 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह परियोजना उज्जैन को प्रदेश के प्रमुख आईटी गंतव्यों में शामिल करेगी जिससे निवेश में तेजी आएगी। स्थानीय युवाओं के लिए आईटी और तकनीकी नौकरियों में अवसर बढ़ेंगे। पार्क में स्टार्ट-अप और छोटे उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आईटी और इलेक्ट्रॉनिक मैनुफेक्चरिंग में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। अन्य प्रदेशों के लोग और निवेशक मध्यप्रदेश की ओर रूझान कर रहे हैं। हम उज्जैन को औद्योगिक और आर्थिक समृद्धि के नए शिखर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगपतियों और निवेशकों को हर संभव सहायता और सहयोग देने का प्रयास किया जाएगा।

### झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी सांसदों को उनकी जवाबदेही एवं कर्तव्य का बोध हो : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड में रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में मोराबादी मैदान, रांची में झारखंड एनडीए के वर्तमान सभी 12 लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों की सद्बुद्धि के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से अपनी धार्मिक पद्धति से ईश्वर से प्रार्थना की कि झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी सांसदों को उनकी जवाबदेही एवं कर्तव्य का बोध हो। उन्हें झारखंड की 3:50 करोड़ जनता की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं का आभास कराने के लिए ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में रांची जिला,प्रखंड एवं मंडल कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विदित हो कि भाजपा एवं केंद्र सरकार पिछले चुनावों में अपने किए गए वादों से मुकर गई है। उनके वादे अब जुमले बन चुके हैं।

# कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान करने में नहीं छोड़ी कोई कसर : खर्रा

पायनियर संवाददाता ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कांग्रेस के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को घेरने पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान करने में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अब केवल भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन जनता सब जानती हैं। खर्रा ने रविवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि शाह के लोकसभा में दिए वक्तव्य के एक छोटे से अंश को काट छांटकर लोगों को भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया है लेकिन देश की जनता इस बात से अच्छी तरह परिचित है और उनके इस भ्रमजाल में फंसने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि चाहे नेहरू हो या इंदिरा गांधी, सबने अपने कार्यकाल में अपने जीवित रहते हुए अपने आप को भारत रत्न से सम्मानित कर लिया लेकिन बाबा साहेब को सम्मानित करने का उनके मन में कभी भी विचार नहीं आया। इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नाम पर बहुत सारे स्मारक बने लेकिन कांग्रेस ने कभी भी बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से स्मारक बनाने का कोई विचार भी नहीं किया। खर्रा ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है उसने बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न भी दिया और उनसे संबंधित जितनी भी जगह थी चाहे वह लंदन, दिल्ली या मुंबई में हो सब जगह उनके भव्य स्मारक बने हैं। अब यह बात कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को पच नहीं पा रही है। अब धीरे-धीरे आम आदिवासी दलित समाज यह समझने लग गया है कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब का अपने हित में उपयोग किया है और सम्मान के नाम पर उनके लिए कभी कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का जि करते हुए कहा कि इनके बारे में अब क्या कहें। पचपन साल का युवा जो अब तक मेच्योर नहीं हो पाया है, उसके बारे में कोई भी टिप्पणी करना ज्यादा उचित नहीं होगा।

# पांच किसानों ने एफपीओ के माध्यम से पांच करोड़ रुपये का किया राजस्व हासिल

पायनियर संवाददाता ➤ उदयपुर
www.dailypioneer.com

हिन्दुस्तााान जिंक द्वारा समाधान पहल के माध्यम से सतत कृषि पद्धति को बढ़ावा और आजीविका में सुधार कर प्रदेश में तीस हजार से अधिक किसानों के जीवन में सकारात्मक रूप से बदलाव लाया जा रहा है और पांच किसान उत्पाद संगठन आई-एफ पीओ ने वित्त वर्ष 2024 में लगभग पांच करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। कंपनी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन किसानउत्पाद संगठन आई-एफपीओ ने दो लघु उद्यमों डेयरी इकाई गौयम और मिनरल मिक्सचर इकाई के तहत यह राजस्व अर्जित किया। जिंक की समाधान पहल किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सस्टेनेबल सिंचाई विधियों को अपनाने, मवेशी पालन और बागवानी जैसी लाभदायक पद्धतियों को एकीकृत करने के लिए आवश्यक उपकरण और नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराती है। समाधान पहल ने उन्नत कृषि पद्धतियों में पांच हजार से अधिक किसानों को प्रशिक्षित किया है और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से 10 हजार किसानों को लाभान्वित किया है। कृषि उद्यमिता में 4300 महिलाओं को सहायता प्रदान की है। मई 2022 से सामूहिक प्रयासों के माध्यम से 389 किसान हित समूहों की स्थापना कर 79 लाख रुपये से अधिक का राजस्व उत्पन्न किया। परियोजना का विस्तार करते हुए, डेयरी प्रसंस्करण इकाइयों जैसे लघु उद्यम भी शामिल हैं, जो प्रतिदिन 1200 लीटर तक दूध का प्रसंस्करण करते हैं। इस प्रकार आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं।

### जादूगर आंचल के एडवेंचर विद फायर कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

**उदयपुर।** केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित, लिम्का बुक एवं द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी जादूगर आंचल द्वारा सोमवार को उदयपुर में आयोजित किये जाने वाले एडवेंचर विद फायर कार्यम की तैयारियां जोरों पर है। कार्यम संयोजक एवं युवा समाजसेवी डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री ने बताया कि जादूगर आंचल समाज को संदेश देने के उद्देश्य से उक्त कार्यम आयोजित कर रही है। जादूगर आंचल 12 किलो वजनी 131 तालें लगी हुई 80 किलो वजीन 151 फीट लम्बी लोहे की जंजीर को शरीर पर बांध कर उक्त कार्यम आयोजित करेगी। इसके लिये प्रशासन से इजाजत ले ली है। उन्होंने बताया कि शहर के गांधी ग्राउंड में होने वाला यह कार्यम नि:शुल्क है लेकिन प्रवेश पास से होगा। जादूगर आँचल मैजिक शो के निदेशक गिरधारी लाल कुमावत ने कहा की आम जनता एवं विद्यार्थियों में जागृति लानें के उद्देश्य से यह कार्यम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यम के माध्यम से जादूगर आंचल विद्यार्थियों एवं विभागों को यह संदेश देने का प्रयास करेगी की जीवन में कितनी भी समस्याएं आयें, कितनी भी चुनौती आए, उनका डटकर मुकाबला करना है और किसी भी परिस्थिति में जीवन में हार नहीं माननी है।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सात जनवरी को बरेली कोर्ट में तलब

एजेंसी ➤ बरेली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी के आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी बयान को लेकर बरेली जिला एवं सत्र न्यायालय ने उन्हें नोटिस जारी किया। कोर्ट सुनवाई के लिए 7 जनवरी 2025 तारीख तय हुई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध फौजदारी निगरानी स्वीकार कर सुनवाई करते नोटिस भेजकर तलब किया है। बरेली सुभाषनगर निवासी अखिल भारतीय हिंदू महासंघ मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता और अनिल द्विवेदी माध्यम से राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एमएलए -एमपी कोर्ट /सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी थी। इसे कोर्ट ने 27 अगस्त को निरस्त कर दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में रिवीजन फाइल की गई। अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता ने बताया कि राहुल गांधी राजनीतिक लाभ के लिए वर्ग विद्वेष की भावना पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस को सत्ता में लाने की ललक में जानबूझकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मन में शत्रुता, घृणा और वैमनस्य की भावना फैलाने का प्रयास किया है। राहुल के भाषण के हिस्से आपत्तिजनक हैं।

## मुरादाबाद : नकली नोट छापने वाले गिरोह के तीन लोग गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो लाख 74 हज़ार 550 रुपये की नक़ली करेंसी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने रविवार को बताया कि पिछले कुछ समय से पुलिस को नकली नोट छापने की शिकायतें मिल रही थीं। थाना सिविल लाइंस और मझौला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 22 दिसंबर को संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए जयंती पुर चौकी क्षेत्र के ऊंचा टीला के समीप एक मकान में छापा मारकर वहां से मझौला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी आदिल, राजा का सहसपुर थाना बिलारी निवासी मौहम्मद नाजिम तथा शबाब अख्तर उर्फ राहुल निवासी काले बाबा के मैदान समीप नई आबादी, जयंतीपुर थाना मझौला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख 74 हज़ार 550 रुपये की जाली करेंसी, 13 सीट प्रिंटेड व तीन हजार 500 के असली नोट, तीन मोबाइल, एक प्रिंटर, स्कैनर मशीन,चार काग़ज़ कटर, तीन पैमाना स्टील, दो चौकोर ट्रांसपेरेंट शीशे,16 ड्राइंगबुक, एक एक्सटेंशन बोर्ड, तीन चमकीले ग्रीन टेप बरामद किए हैं।

## पूनियां ने टैंकर हादसे में राधेश्याम चौधरी के निधन पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा हरियाणा प्रभारी डा सतीश पूनियां ने जयपुर में हाल में हुए भयावह गैस टैंकर हादसे में भाजपा बूथ अध्यक्ष राधेश्याम चौधरी के निधन पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डा पूनियां ने चौधरी के जयपुर के बालमुकुंदपुरा नाडा में स्थित निवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके निधन को अत्यंत पीड़ादायक बताया और उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतृप्त परिवारजनों को यह असहनीय पीड़ा सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## आगरा फोर्ट-हटूंडी-आगरा फोर्ट सुपरफास्ट रेल सेवा आंशिक रदद

**जयपुर।** राजस्थान में उत्तर पश्चिम रेलवे के आगरा फोर्ट -हटूंडी-आगरा फोर्ट सुपरफास्ट रेलसेवा आंशिक रदद रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाडी संख्या 12195, आगराफोर्ट-हटूंडी सुपर फास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा जो आगरा फोर्ट से चली वह अजमेर तक ही संचालित होगी अर्थात यह रेलसेवा अजमेर-हटूंडी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 12196, हटूंडी-आगरा फोर्ट सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा हटूंडी के स्थान पर अजमेर से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा हटूंडी-अजमेर के मध्य आंशिक रदद रहेगी।

# नये वर्ष में चलेगी कुशीनगर से महराजगंज के लिए सरकारी बस

एजेंसी ➤ कुशीनगर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से महराजगंज जिले के लिए नये साल में बस का संचालन एक बार फिर से शुरू हो जायेगा और लोगों को बड़ी परेशानी से राहत मिलेगी। करीब एक साल पूर्व पडरौना से महराजगंज के लिए बस की शुरुआत की गई थी लेकिन इस रूट पर बस चलाने के दौरान घाटा बताकर परिवहन निगम ने संचालन को बंद कर दिया। अब एक बार फिर नए साल में कुशीनगर से महराजगंज के लिए बस सेवा शुरू करने की कवायद तेज हो गई। कुशीनगर से महराजगंज की दूरी करीब 70 किमी है। यहां से महराजगंज के लिए बसों का संचालन न होने के कारण यात्री प्राइवेट गाड़ियों से सफर करने को मजबूर होते हैं। पडरौना से कप्तानगंज तक पहुंचने के बाद वहां से फिर महराजगंज के लिए साधन सवारी का इंतजार करना पड़ता है। एक साल पूर्व पडरौना से महराजगंज के लिए परिवहन निगम की ओर से बस का संचालन शुरू किया गया था। कुछ महीने तक बसों का संचालन होने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा भी मिल रही थी। लेकिन अचानक से परिवहन निगम ने बसों के संचालन पर रोक लगा दी। इसके पीछे की वजह परिवहन निगम ने पडरौना.महराजगंज रूट पर बस चलाने के दौरान घाटा होने की बात बताई। तभी से इस रूट पर बस का संचालन नहीं हो रहा है। सरकारी बस सेवा बाधित होने से एक जनपद से दूसरे जनपद को जाने वाले यात्री काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बसों के संचालन को लेकर शासन स्तर पर पहल की है। विधायक ने कहा कि है सब कुछ ठीक रहा तो नए साल में जनवरी के पहले सप्ताह से पडरौना से महराजगंज के लिए बस सेवा शुरू कर दी जाएगी।

# छह शिकारी कच्चे एवं पके मांस के साथ गिरफ्तार

**रायसेन।** रायसेन जिले के कुदबई गांव में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई कर छह 6 शिकारियों को कच्चे और पके मांस सहित गिरफ्तार कर लिया है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार समर खान, ईशान खान, आबिद अली, उमर उद्दीन, अथर खान और बिलाल खान, ये सभी आरोपी समर खान के फार्म हाउस पर वन प्राणी का मांस खा रहे थे। उसी समय वन विभाग की टीम ने दबिश देकर सभी को धर दबोचा। आरोपियों के पास से वन विभाग की टीम को 56 कारतूस और दो बंदूकें जप्त की हैं।

# प्राइवेट एंबुलेंस में आग लगने से हड़कंप


एजेंसी ➤ इटावा
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सिविल लाइन इलाके में मैनपुरी फाटक के पास एक प्राइवेट एंबुलेंस में आग लगने से हड़कंप मच गया है। आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल कर्मियों ने दमकल गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। इटावा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुभाष चौधरी ने यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि सिविल लाइन इलाके में मैनपुरी फाटक के पास देर रात एक प्राइवेट एंबुलेंस में आग लगने की सूचना मिलने के बाद मुख्यालय से दमकल कर्मियों को दमकल गाड़ी के साथ भेजा गया, जिन्होंने एंबुलेंस की आग को काबू किया। एम्बुलेस चालक जब तक कुछ समझ पाता तब तक आग इतना भीषण हो गई कि पूरा इंजन जलकर राख हो गया। आग की सूचना चालक ने पुलिस और दमकल विभाग को दी। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कड़ी मशक्कत की तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। एम्बुलेंस चालक सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी से एक शव को रखकर वापस जा रहा था तभी इंजन में आग लग गयी। एंबुलेंस चालक बिट्टू ने बताया कि वह सैफई मेडिकल से एक शव को लेकर कचोरा रोड रखने गया था। वापस घर जाते समय बंद गाड़ी अचानक से स्टार्ट होकर चलने लगी। जब गाड़ी को रोकने का प्रयास किया, तो उसके इंजन से धुआं निकल रहा था। जैसे ही इंजन खोलकर उसमें देखा अचानक से इंजन में आग लगने लगी। घटना की जानकारी पुलिस और दमकल कर्मियों को दी गई। जब तक दमकल टीम पहुंची तब तक यहां मौजूद लोगों की मदद से आग को बुझाया गया। आग कैसे लगी इस बात की जानकारी नहीं है।

# सीतारमण ने तनोटराय माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

एजेंसी ➤ जैसलमेर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसलमेर में भारत पाकिस्तान सीमा के निकट सीमा सुरक्षा बल के प्रसिद्ध तनोटराय माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। सीतारमण जीएसटी कॉउन्सिल की बैठक के सिलसिले में स्वर्ण नगरी जैसलमेर के दौरे पर हैं। उनके तनोट माता मंदिर परिसर में पहुँचने पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) राजस्थान के महानिरीक्षक एम एल गर्ग, उप महानिरीक्षक योगेन्द्र सिंह राठौड़ और 166 वी वाहिनी के (समादेष्टा) वीरेंद्र पाल सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने तनोट माता मंदिर परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सीमा सुरक्षा बल की विशेष गार्ड द्वारा वित्त उनको गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने तनोट परिसर में ऑडियो विजुअल और हथियार प्रदर्शनी का दौरा किया जहां पर सेना के अधिकारियों ने उनको ब्रीफ किया। उन्होंने तनोट क्षेत्र में निर्माणाधीन बॉर्डर टूरिजम प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं दिशा निर्देश दिए। सीतारमण ने विषम परिस्थियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे सीमा सुरक्षा बल के जवानों से बातचीत की एवं उनकी हौसला आफजाई की। उन्होंने कहा की देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में विख्यात सीमा सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात कर उन्हे गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने जैसलमेर में विश्व विख्यात सोनार किले का भी भ्रमण किया। वह किले में मंदिर पैलेस एवं जैन मंदिरों के शिल्प सौंदर्य देखकर अभिभूत हुई।

### सांची का रामलीला मेला लोगों के लिए बना आकर्षण का केन्द्र

**रायसेन।** रायसेन जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सांची का ऐतिहासिक रामलीला मेला आजकल लोगों के लिए आकर्षण का बना केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोग खुद चंदा कर इस मेले का आयोजन करते हैं। मेला रायसेन जिले के पर्यटक नगरी सांची में लगभग 85 वर्षो से लगता आ रहा है। इस मेले का आयोजन स्थानीय लोग चंदा करके करते हैं। 21 दिन तक चलने वाले इस मेले में भगवान श्रीराम सहित सभी पात्र भी भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करते हैं। इसलिए विदेशी पर्यटक भी अपने कैमरे में रामलीला में होने वाली मंचन को कैद कर अपने साथ ले जाते हैं। मेला समिति के सदस्य बलराम मालवीय का कहना है कि लगभग 85 वर्षो से इस मेले का आयोजन होता आ रहा है। बीच में कुछ समय के लिए ये मेला बंद होने की कगार पर आ गया था, लेकिन एक बार फिर सभी ने जन सहयोग से इस मेले को कराने का प्रयास किया ।

# नकली पुलिस ने की दुकानदार की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ ब्लाक के मल्दाब में नकली पुलिसकर्मी बनकर दुकानदार के ऊपर अवैध शराब विय करने का आरोप लगाकर पैसे मांगने की घटना सामने आई है। नहीं, दुकानदार की ओर से पैसे नही देने पर नकली पुलिस ने दुकानदार की जमकर पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। मामले मे सारंगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी नरेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़- बरमकेला मार्ग के बीच में मल्दाब नाम से गांव है जहा पर छबिलाल पटेल एक किराना दुकान का संचालन करता है। बरमकेला के बुदेली गांव का रहने वाला नरेश अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर छबिलाल के किराना दुकान रविवार की सुबह आया था। गांववालो से मिली जानकारी के अनुसार कथित नकली पुलिसकर्मी नरेश ने छबिलाल पर अवैध रूप से शराब बेचने का आरोप लगाते हुए उससे पैसे की मांग की। इसी बात को लेकर दोनो मे खूब बहस हुआ जिसमें छबिलाल पर गुस्साये नरेश ने उस पर हाथ-मुक्का से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार हाथापाई की इस घटना से मौके पर ही छबिलाल अचेत होकर गिर पड़ा और थोड़ी देर बार वहीं पर उसकी मौत हो गई। मामले की खबर आग की तरह गांव में फैली तथा तुरंत ही सारंगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस को पूरे मामले की सूचना दिया गया। मौके पर पहुंची सारंगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस ने कथित नकली पुलिसकर्मी नरेश को गिरफ्तार करके अपने साथ ले आये तथा मृतक छबिलाल के शव का पीएम कराकर उसे परिजनो को सौप दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच की कार्रवाई जारी रखी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इस पूरे मामले में अपराध दर्ज करने की बात कह रही है।

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापुर की टीम ने शुक्रवार को पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापुर के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रश्मि के दिशानिर्देश एवं मार्गदर्शन में शुरू किया गया है। वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार दर्रो ने पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया की महाविद्यालय में शत प्रतिशत प्रवेश कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विषयों के बारे में जानकारी देना है। प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी ने उपस्थित विद्यार्थियों को ह्श्वक्क2020 के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। साथ ही महाविद्यालय में सभी संकायो में उपलब्ध सीटों के बारे में एवं महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में कला संकाय में सीट 150 सीट और विज्ञान संकाय के अंतर्गत 150 सीट, बायो में 90 सीट और गणित विषय के लिए 60 सीट, वाणिज्य विषय मे 90 सीट एवं बीए(जेएमसी) में 40 सीट वही डीसीए एवं पीजीडीसीए में 30-30 सीट निर्धारित है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने विद्यार्थियों को बीए(जीएमसी) पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक अनिल साहू, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्राचार्य थानु राम सिन्हा सहित स्कूल के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक दिवसीय किसान सम्मेलन आयोजन



**भानुप्रतापपुर।** सुशासन का एक साल छ.ग. खुशहाल के अवसर पर राष्ट्रीय खादय एवं पोषण सुरक्षा (पोषक अनाज) योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान सम्मेलन आयोजन जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। अध्यक्षता नरोत्तम चौहान, मण्डल अध्यक्ष भाजपा भा. पुर मुख्य अतिथि हेम प्रकाश शिव हरे प्रगतिशील कृषक विशिष्ट अतिथि झाडू राम मण्डावी जनपद सदस्य, इंदिरा आरदे जनपद सदस्य, मनिषा निशांत ठाकुर जनपद सदस्य ज्ञान सिंह गौर सरपंच बोगर,हुपेडीजी लेम्पस अध्यक्ष बैजनपुरी,जिला नोडल अधिकारी हरिश नेताम सहायक संचालक कृषि कांकेर,डॉ अनिल दिव्या ,डॉ गंगाधर कृषि महाविद्यालय कांकेर एवं सहकारिता विभाग से अधिकारी एवं कर्मचारी,उद्यान विभाग,मछली पालन विभाग,पशुधन विभाग कृषि विभाग से सभी अधिकारी कर्मचारी एवं विकास खंड से आये कृषक गण इस किसान सम्मेलन में उपस्थित रहें।

# शा पॉलीटेक्निक में विशेष प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com






संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी डॉ. सत्येंद्र नाग के मार्गदर्शन में जिले में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान प्रभावी ढंग से 26 नवंबर 2024 से चल रहा है यह अभियान 25 दिसंबर 2024 तक समस्त जिले में संचालित रहेगा। प्रकृति परीक्षण समस्त आयुष की संस्थाओं में निशुल्क किया जा रहा है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नारायणपुर में विशेष प्रकृति परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक नारायणपुर के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ बीना खोबरागड़े एवं स्टाफ अर्चना नाग, टीम्पेश्वरी बेलसारिया की उपस्थिति में महाविद्यालय के प्रिंसिपल अविनाश कुमार जैन, प्रोफेसर के. सुमित्रा, सोनालिका सिंह, राकेश कुमार गुप्ता, सौरव ठाकुर, खगेश साहू, चित्र सोनी, लैब टेक्नीशियन उषा देवांगन एवं समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ बीना खोबरागड़े ने प्रकृति की जानकारी देते हुए, प्रकृति परीक्षण क्यों जरूरी है की जानकारी दी उन्होंने बताया कि आधुनिक जीवन शैली जनित रोगों में आयुर्वेद की विशेष भूमिका है। आयुर्वेद हमें स्वस्थ दिनचर्या, आहार -विहार की जानकारी देता है। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के हिस्से के रूप में जिले के सभी स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केन्द्रों में कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किये जा रहे हैं ।जिससे प्रकृति परीक्षण अभियान का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके । प्रकृति परीक्षण ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

# मणिपुर और ओडिशा के बीच राजमाता जीजाबाई फुटबॉल ट्रॉफी फाइनल



पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में चल रहे राजमाता जीजाबाई सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में 21 दिसंबर को सुबह 9 बजे पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें मणिपुर ने बंगाल को 3-0 से हराकर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। जर्सी नम्बर 13 दंगमेई देवी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरे सेमीफाइनल में ओडिशा 2-0 से हरियाणा को हराकर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। खेल के दौरान ओडिशा टीम की कप्तान प्यारी खाखा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दो गोल दाग कर अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। 23 दिसंबर दोपहर 2 बजे रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के मैदान में मणिपुर और ओडिशा के बीच फाइनल मुकाबला होगा। रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज ने सभी खेल प्रेमियों को फाइनल मैच देखने के लिए आमंत्रित किया है।

# बीजेपी और उसकी मातृ संस्था हमेशा से डॉ. आंबेडकर और संविधान विरोधी रही है : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि 18 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद ही पार कर दी संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई। समता, समानता और न्याय के डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई। सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी, अमित शाह ने कहा कि 'अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया था, लेकिन बीजेपी ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप- प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है, लेकिन मोदी सरकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है। उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी, यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया बीजेपी ने षड़यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि 'बीजेपी और उसकी मातृसंस्था हमेशा से डॉ. आंबेडकर और संविधान विरोधी रही है।' इन्होंने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया, बल्कि इससे पहले डा. आंबेडकर को चुनाव हरवाया था। कांग्रेस भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है, जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी 24 दिसंबर को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान में जिला मुख्यालय बीजापुर में सम्मान रैली निकाली जाएगी।

# सुशासन का एक साल- श्रमिक सम्मेलन का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार निर्माण श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण, योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अन्तर्गत 60 प्रकार प्रवर्ग श्रमिकों को अधिसूचित किया गया है। इसी प्रकार छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के अंतर्गत कुल 58 प्रकार के प्रवर्ग कर्मकारों को अधिसूचित किया गया है। जिला कोंडागांव में अब तक कुल 59 हजार 596 श्रमिकों व कर्मकारों का पंजीयन किया गया है।

# युवा व्यवसायी ने पिता के पुण्यतिथि पर 44 बच्चों को दिए गर्म कपड़े

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



युवा व्यवसाई शांति भंसाली और सुनील भंसाली ने उत्तामार स्थित प्राथमिक विद्यालय के 44 स्कूली बच्चों के बीच नए गर्म कपड़ा का वितरण किया जिन्हें पाकर बच्चे प्रसन्न हो गए।शांति भंसाली ने बताया-सर्दी के मौसम में छोटे-छोटे बच्चों खाशी परेशानी आती है। इसे देखते हुए उन्होंने बच्चों को गर्म कपड़े वितरण करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया उनके पिता की 5 वीं पुण्यतिथि पर स्कूल प्रशासन की स्वीकृति से बच्चों के लिए गर्म कपड़े उपलब्ध करवाए हैं। उन्होंने कहा कि वे आने वाले दिनों में भी स्कूल में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों को गर्म कपड़े वितरित करेंगे। इस अवसर पर गोकुल सिंह साहू प्रभारी प्रधान पाठक, जयन्त देवनाथ सहायक शिक्षक, मानिक राम किसान सहायक शिक्षक, टीकेश कुमार साहू सहायक शिक्षक, लल्लू राम कोमरा अंश कालीन स्वीपर, बिंदा बाई रसोइया, संता बाई रसोइया, झुमिता बाई कोरेटी ग्राम सरपंच, तिलक राम जैन वार्ड पंच, गौतम सिंह जैन समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्राथमिक शाला बोगर में माताओं की बैठक शिक्षा में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहन

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम बोगर स्थित प्राथमिक शाला में कक्षा 1 और 2 के बच्चों की माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और बच्चों की शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में माताओं और समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की।बैठक के दौरान, शिक्षकों ने माताओं को यह समझाया कि बच्चों की शिक्षा को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। साथ ही, घर पर सकारात्मक वातावरण तैयार करने की भी सलाह दी गई, जिससे बच्चों का मानसिक और शैक्षिक विकास सुचारू रूप से हो सके। इस बैठक में 'लीडर माताओं' की पहल को विशेष सराहना मिली, जो अन्य माताओं को प्रेरित कर शिक्षा में सामूहिक योगदान को बढ़ावा दे रही हैं। शिक्षकों ने माताओं से यह आग्रह किया कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा देने के लिए कहानी सुनाने की आदत डालें, ताकि उनका समग्र विकास हो सके।

## चारों तरफ जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा

# कथाकार कामता प्रसाद शरण ने छत्तीसगढ़ी में भगवान श्री राम के जीवन चरित को किया प्रस्तुत

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





तहसील मुख्यालय भानुप्रतापपुर में आयोजित मानस गांन सम्मेलन में शनिवार को छत्तीसगढ के प्रसिध्द कथावाचक कामता प्रसाद शरण छत्तीसगढी में काफी आकर्षक ढंग से भगवान श्री राम के जीवन चरित को प्रस्तुत किया भक्तगण हाथ उठाकर झूमने लगे। कामता प्रसाद लगातार चार घंटे तक भगवान श्रीराम के साथ साथ देवी-देवताओं की अनेक कथा को काफी मनमोहक और सरल ढंग से प्रस्तुत किया। कथा सुनने पंडाल में भारी भीड़ लगी रही भक्तगण तालिया बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया ।

मानव जागृति सेवा समिति भानुप्रतापपुर के तत्वावधान में आयोजित मानसगान सम्मेलन में कथा सुनाते हुए श्री शरण ने कहा कि राम की कथा ही जीवन की ब्यथा मिटाने का एक मात्र उपाय है। मानव जीवन बड़े भाग से मिलती है, राम भजन कर जीवन को सार्थक बनाइये। जीवन मे पाप, पुण्य की खेती है आप जैसे बोयेंगे वैसे ही पाएंगे। भानुप्रतापपुर सहित क्षेत्रवासी बहुत ही भाग्यशाली है, आपके नगर में लगातार 21 वर्ष मानस गान कि धारा प्रवाहित हो रही है।जीवन ऐसे भी 50 वर्षो के रह गया है, आप लोगो के आधे जिंदगी राम नाम में बीत गया है। कथा के दौरान तुलसी, गाय एवं महादेव को श्रेष्ट बताया गया है। यदि आप इनकी पूजा कर लेंगे तो सभी देवी देवताओं की पूजा हो जाती है। आप लोग घरों में तुलसी का पौधा जरूर लगाएं। गाय को रोटी खिलाये तो आपके जीवन भी सुखमय बना रहेगा। वही ब्राम्हणों को गीता वेद पुराण के ज्ञान होना चाहिए। इनके आलाव सत्यदर्शन मानस मंडली भानुप्रतापपुर, वेदश्रवण मानस परिवार पलांदुर अम्बागढ़ चौकी, कामता प्रसाद शरण कीर्तनकार कूड़ेरादादर, ओम साई रामधुनी मंडली कलाझाँकी शिव विवाह पेंडारवानी बालोद ने अपनी प्रस्तुति दी।

## तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आज समापन

मानव जागृति सेवा समिति भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आज समापन होगा। आयोजन के 21 में वर्ष में विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत शनिवार को कामता प्रसाद शरण, कुडेरादादर गरियाबंद दका संकीर्तन कार्यक्रम हुआ। ख्याति प्राप्त इस कार्यक्रम के आयोजन में नगर एवं आसपास के श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार को 10 बजे से जंगलिया मानस मंडली केवटीनटोला कांकेर, जय विंध्यवासिनी महिला मानस मंडली गोकुलपुर धमतरी, एवं दोपहर 2 बजे से पुनः कामता प्रसाद शरण द्वारा संकीर्तन आयोजित है। रात्रि समापन होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष त्रिभुवन शंकर यादव, उपाध्यक्ष करण सिंह ठाकुर, लिगेन्द्र साहू,होरीलाल यदु,सचिव योगेश्वर सिन्हा,कोषाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, संयुक्त सचिव मनीष जैन जेके तिवारी, पवन शांडिल्य, करण सिंह ठाकुर, दिलदार सिंह ठाकुर, राकेश देवांगन, नरेंद्र सांवले, लक्ष्मी बाग, राजेश चालकी,सरोज साहू, मंजुला तिवारी, प्रमिला रामटेके,आदि जुटे हुए हैं।

# बौद्ध समाज भानुप्रतापपुर ने जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव मिलकर आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया



पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत अध्यक्ष कांकेर हेमंत ध्रुव से बौद्ध समाज भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर ने उनके निवास कोरर में सौजन्य आत्मीय भेंट की। समाज की वर्षो की बहुप्रतीक्षित अम्बेडकर भवन के सामने पुलिया निर्माण मांग को जल्द स्वीकृति कर निर्माण कार्य पूर्ण करने पर समाज के द्वारा आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया माननीय अध्यक्ष द्वारा समाज को एकजुट रहने एवं भविष्य में समाज के लिए हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहने की बात कही गयी। इस अवसर पर बौद्ध समाज भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष वरुण खापर्डे सचिव बृजेश ऊके ,जिला उपाध्यक्ष किरण डोंगरे, जिला कार्यकारणी प्रकाश गोस्वामी,विनोद रंगारी ,शैलजा गढ़पाले, देवदत्त खोबरागड़े,भीम गोस्वामी,ममता रामटेके जयकुमार ऊके,मीना गोस्वामी उपस्थित रहे।

# लाखों के विकास कार्यो का शिवरतन शर्मा ने किया लोकार्पण

## गुरु घासीदास जयंती समारोहः शिवरतन शर्मा बोले- बाबा के बताए रास्ते पर चलकर होगी समाज की प्रगति

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाटापारा ब्लाक के मोपका ग्राम पंचायत मे आयोजित बाबा घासीदास जयंती समारोह एवं विकास कार्यों के लोकार्पण में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाबा घासीदास के बताएं रास्ते पर चलने और उनके उपदेशों का पालन करने की बात कही। उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि आज से लगभग 250 साल पहले छत्तीसगढ़ की धरती पर बाबा गुरु घासीदास ने जन्म लिया था। इस देश में जैसे गुरु रविदास, गुरु कबीर दास, गुरु नानक देव जी और भगवान बुद्ध ने अलग-अलग पंथों की स्थापना की। वैसे ही बाबा घासीदास ने सतनाम समाज की स्थापना की थी। जैसे गीता, भागवत, शिव पुराण आदि में बताया गया है कि अगर जिंदगी में सफ्लता पानी है तो सत्य के रास्ते पर चलना चाहिए। वैसे ही बाबा साहब ने भी सत्य के रास्ते पर चलने का उपदेश दिया था। उन्होंने सभी मनुष्य को एक समान बताते हुए एक साथ मिलजुल कर रहने को कहा था। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि बाबा घासीदास ने बोला था कि गरीबों की चिंता होनी चाहिए और भाजपा सरकार उसी पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उज्जवला योजना के तहत हर गरीब परिवार को मुफ्त में गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को पक्का मकान, आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब का मुफ्त इलाज कर रही है। शिवरतन शर्मा द्वारा ग्राम में बने यादव पारा सामुदायिक भवन, कुर्मी पारा सामुदायिक भवन, सतनामी पारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया. उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सरपंच सीमा घनश्याम बंजारे, आजुराम वर्मा, परस यादव, रमेश नवरंगे, संतोष साहू, नरेंद्र यादव, मालती साहू, चेतन वर्मा, सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# उर्वशी कर रहीं महतारी वंदन योजना की राशि का आवास निर्माण में उपयोग

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले के हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का दूरगामी और आशातीत लाभ मिल रहा है। ऐसा ही एक उदाहरण जिले के आदिवासी बाहुल्य छुरा ब्लॉक के ग्राम कुरेकेरा के सिन्हा दंपति को मिल रहा है। ग्राम पंचायत खड़मा के आश्रित ग्राम कुरेकेरा निवासी गोपालकृष्ण सिन्हा के नाम पर वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। अभी उन्हें पहली किश्त की राशि के तौर पर 40 हजार रुपए मिल चुके हैं जिसकी सहायता से वे छज्जा लेवल तक का निर्माण कार्य पूर्ण करा चुके हैं। वहीं दूसरी ओर उनकी पत्नी उर्वशी सिन्हा को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपए के मान से अब तक 10 किश्त की राशि मिल चुकी है। इस तरह सिन्हा दंपति को एक नहीं, शासन की दो-दो योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इतना ही नहीं, उर्वशी बिहान योजना के तहत जय मां गायत्री महिला स्वसहायता समूह से जुड़कर वर्तमान में 30 हजार रुपए का ऋण लिया है तथा निर्माणाधीन घर को पूरा करने के लिए एक लाख 70 हजार रुपए का ऋण लेने वाली हैं। इस तरह शासन की योजनाओं का लाभ जिले के हितग्राहियों को मिलने लगा है। हितग्राही गोपालकृष्ण ने बताया कि खुद का पक्का और बड़ा आवास उनका तथा परिवार का सपना था, जो साकार होने जा रहा है। लेकिन बिना सरकार की मदद के यह सपना, सपना ही रह जाता। उन्होंने कहा कि इसे हकीकत में बदलने का काम प्रधानमंत्री आवास योजना ने किया। वहीं बड़े मकान की मंशा को मूर्त रूप देने में महतारी वंदन योजना एक बड़ा सहारा बनकर सामने आई, क्योंकि इससे मिल रही राशि की बचत कर उसका उपयोग आवास निर्माण के लिए कर रही हैं। उर्वशी ने बताया महतारी वंदन योजना ले मिले पईसा हमर बहुत काम आवत हे। हर महीना खाता म आए पईसा ल जोड़-जोड़ के घर उठाए म लगावत हन। हितग्राही गोपालकृष्ण और उर्वशी सिन्हा ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार का बारम्बार कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुशासन ही है, विभिन्न योजनाओं से उनकी तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल गई है।

# आनलाईन से जुड़े कार्यो को लेकर पटवारी संघ हड़ताल पर

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

16 दिसम्बर से जिले के पटवारी हडताल पर चल रहे है जिसका मुख्य कारण आन लाईन जुडे कार्यों के लियें शासन द्वारा संसाधनों का उपलब्ध ना कराना जिसके कारण पटवारियों द्वारा आनलाईन से जुडे किसी भी कार्यों को नही किया जा रहा है जिनमे पटवारियों के आनलाईन से जुड़े मुख्य कार्य निम्नलिखित हैं भूमि रिकॉर्ड का डिजिटली। पटवारी भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में अपडेट और रखरखाव करते हैं। आनलाईन जमाबंदी पटवारी आनलाईन जमाबंदी की जानकारी अपडेट और प्रदान करते हैं। भूमि विवादों का निपटान पटवारी भूमि विवादों का निपटान करने में मदद करते हैं। आनलाईन म्यूटेशन पटवारी आनलाईन म्यूटेशन की प्रक्रिया को पूरा करते हैं। भूमि स्वामित्व की जानकारी पटवारी भूमि स्वामित्व की जानकारी प्रदान करते हैं। आनलाईन राजस्व संग्रह पटवारी आनलाईन राजस्व संग्रह की प्रक्रिया को पूरा करते हैं। भूमि उपयोग की जानकारी पटवारी भूमि उपयोग की जानकारी प्रदान करते हैं। आनलाईन शिकायत निवारण पटवारी आनलाईन शिकायत निवारण की प्रक्रिया को पूरा करते हैं। इन कार्यों के माध्यम से, पटवारी आनलाईन प्लेटफॉर्म पर भूमि संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं और लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान करने में मदद करते हैं। परंतु पटवारियों के आनलाईन से जुडे कार्यो के हडताल के चलते लोगों के नही ही पा रहा है।

> पटवारी संघ विगत 16 दिसम्बर से आनलाईन से जुडे कार्यों को लेकर हडताल पर चल रहे है जो कि शासन स्तर होने के कारण जो भी कार्य है स्थानीय प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है।
>
> -एस.डी.एम

# मनुष्य की बेलगाम इच्छाएं तनाव पैदा कर रही हैं : चन्द्रकला दीदी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में राजयोग ध्यान समारोह का आयोजित किया गया। विषय थाः आन्तरिक शान्ति और विश्व सद्भावना। समारोह में बोलते हुए वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी ने कहा कि वर्तमान भौतिक युग में लोगों की आकाक्षाएं बढ़ती जा रही है। इन बेलगाम इच्छाओं के कारण जीवन में तनाव बढ़ रहा है और तनाव के कारण लोग अनेकानेक बिमारियों के शिकार होते जा रहे हैं। जीवन में तनाव को दूर करने का सबसे अच्छा साधन मेडिटेशन यानि ध्यान करना है। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन का उल्लेख करते हुए बतलाया कि इससे मन शान्त होता है और एकाग्रता बढ़ती है। ध्यान से हमें शारीरिक और मानसिक लाभ तो होता ही है। परस्पर एकता और सद्भावना भी जागृत होती है। राजयोग से हमें आत्म निरीक्षण का अवसर मिलता है। हार्टफुलनेस मेडिटेशन के जोनल कोआर्डिनेटर एवं प्रशिक्षक देवनारायण शर्मा ने कहा कि विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। कई देश अहंकार और दुर्भावना के कारण आपस में लड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में आन्तरिक शान्ति और वैश्विक सदभावना की बहुत अधिक जरूरत है जो कि एकमात्र ध्यान साधना के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने अलग-अलग ध्यान पद्धति के साधकों को एक मंच पर लाने के ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ध्यान करने से जीवन में परिवर्तन आता है। एक व्यक्ति के ध्यान करने से पूरे घर के वातावरण में शुद्धता आ जाती है। योग आयोग के मुख्य प्रशिक्षक प्रो. छबि राम साहू ने महर्षि पातजंलि द्वारा सिखए गए अष्टांग योग की चर्चा करते हुए कहा कि ध्यान का अभ्यास देवत्व को जागृत करने का प्रयास है। आन्तरिक शान्ति से ही विश्व में सद्भावना आ सकती है। उन्होंने यम नियम प्राणायाम प्रत्याहार धारणा और ध्यान की चर्चा करते हुए बतलाया कि ध्यान साधना हमारे विचारों पर नियंत्रण करने की कला है। ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी ने कहा कि राजयोग ध्यान पद्धति परम सत्य को जानने और उनसे सम्बन्ध जोडने का माध्यम है। यह हमें जाति धर्म और भाषा आदि के भेदभाव से परे ले जाकर हमारे निज स्वरूप आत्मा और परमात्मा का यथार्थ परिचय कराता है। उन्होंने सभा में राजयोग का व्यवहारिक अभ्यास कराएंगी। कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी ने किया।

# अघरिया समाज केंद्रीय अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए 22 दिसंबर को रायगढ़ में नाम निर्देशन, फार्म वितरण,जमा परीक्षण, नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिनका चुनाव 12 जनवरी को सभी क्षेत्रों में होगा, जिसके लिए केंद्रीय समिति द्वारा 44 मतदान केंद्र भी बनाया गया है, जबकि उपाध्यक्ष पुरुष, महिला, कोषाध्यक्ष, महिला संयोजिका, युवा संयोजक निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उक्त चुनाव संबंधित निर्वाचन के लिए नामांकन फार्म वितरण से लेकर चुनाव चिन्ह आवंटित करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों में लक्ष्मीकांत पटेल, रेवाशंकर पटेल,ओमसागर पटेल, नरेश्वर सैलानी, हुकुम नारायण पटेल, विजय पटेल उपस्थित थे। जानकारी अनुसार अघरिया सदन रायगढ़ में अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पुरुष, महिला, कोषाध्यक्ष, महिला संयोजिका और युवा संयोजक पद के लिए फार्म वितरण, जमा परीक्षण, नाम वापसी के पश्चात चुनाव चिन्ह भी आवंटित किए गए हैं, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिन्हें चुनाव चिन्ह भी आबंटित किया गया है, अध्यक्ष प्रत्याशियों में उषा पटेल (महासमुंद के जिला पंचायत अध्यक्ष) को (उगता सूरज) चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है, इसी तरह डां गेसमोती पटेल (पूर्व केन्द्रीय उपाध्यक्ष) को (ताला-चाबी) छाप, दीनदयाल पटेल (पूर्व केंद्रीय महासचिव) को (त्रिशूल),लक्ष्मी नारायण चौधरी को (शंख) चुनाव चिन्ह मिला है, जबकि उपाध्यक्ष पुरुष पद के लिए गोपाल नायक,हितेश पटेल, जयराम पटेल, प्रमोद पटेल और द्वारका प्रसाद पटेल ने नामांकन जमा किया था, इसमें चार लोगों के द्वारा नाम वापसी के पश्चात द्वारका प्रसाद पटेल निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए, इसी तरह उपाध्यक्ष महिला के लिए प्रेमशिला नायक कमला पटेल ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें कमला पटेल के द्वारा नाम वापसी के पश्चात प्रेमशिला नायक निर्विरोध महिला उपाध्यक्ष चुने गए। जबकि कोषाध्यक्ष, महिला संयोजिका व युवा संयोजक के लिए मात्र एक-एक नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया था,और तीनों निर्विरोध चुने गए,जिसमें कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश चौधरी,महिला संयोजिका के लिए तारेश्वरी नायक व युवा संयोजक के लिए विजय विक्की पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर खेल इवेंट्स का आगाज़ कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से क्रमशः परिचय प्राप्त करते हुए शुभाशीष दिया और लोकप्रिय खेल क्रिकेट से खेल इवेंट्स की शुरुआत की जिसमें उन्होंने शानदार बल्लेबाज़ी कर विद्यार्थियों को खेल के प्रति जागरूक किया और सद्भावना का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रखर अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना का संचार होता है तथा उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद की भुमिका को रेखांकित किया। अध्यक्षता डॉ आशीष दास ने कहा कि वार्षिक खेलकूद का आयोजन शारीरिक फिटनेस के साथ साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और आपसी सौहार्द /सामंजस्य की भावना को बढ़ावा देने के मकसद से भी महत्वपूर्ण है। महेश नायक ने बताया कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा उजागर होती है जो उनके कला कौशल का सम्मान करने हेतु एक अवसर देता है। प्रदीप नारायण सेठ ने बताया कि विद्यार्थियों को समान रूप से चार सदनों में वितरित कर टीम तैयार कर मेंटर के मार्गदर्शन में खेलों को खेल भावना से खेलने, अनुभव लेने, आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन अपने आपमें अनूठा है। प्रखर अग्रवाल ने विद्यालय में स्थापित लैब का अवलोकन किया और इसकी सराहना किया। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर इस तरह की विशिष्ट लैब का होना विद्यार्थियों के लिए एक उपलब्धि है जहां बच्चे नवाचार की ओर प्रेरित होते हैं। विद्यालय द्वारा आयोजित सभी खेल विधाओं में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता खिलाड़ियों को अपनी ओर से मैडल प्रदान करने की सहमति दी गई ।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में दो दिवसीय 18 वां वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ हर्ष एवं उल्लास के साथ शाला खेल प्रांगण में किया गया मुख्य अतिथि महेश अग्रवाल सचिव प्रतिभा पब्लिक स्कूल एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष, डॉ आभास अग्रवाल का स्वागत प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं शाला क्रीड़ा सचिव संजय कर के साथ स्काउट-गाइड ने किया, क्रीडा प्रांगण में उपस्थित हाउस प्रमुखों के साथ पूरे पलटन का निरीक्षण मुख्य अतिथि महोदय ने किया। शाला नायक गिरजा शंकर पटेल ने हाउस परेड का नेतृत्व किया वहीं शाला नायिका आयुषी मिश्रा ने पूरे पलटन को खेल उत्सव का शपथ दिलाया। प्रथम दिवस के प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से पुष्पेंद्र रात्रे प्रथम, सोमेश प्रधान द्वितीय एवं मयंक पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी प्रतिभागी सैफ्रन हाउस से थे, जबकि छात्रा वर्ग से जाह्नवी पटेल प्रथम, सिद्धि अग्रवाल द्वितीय दोनों ब्लू हाउस एवं साक्षी वर्मा तृतीय व्हाइट हाउस रहीं। चम्मच दौड़ में छात्र वर्ग से लव कुश शुक्ला प्रथम, आरिफ खान द्वितीय दोनों व्हाइट हाउस एवं तुष्य अग्रवाल ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहे,जबकि छात्राओं में आर्या देवांगन, जाह्नवी पटेल एवं सिद्धी अग्रवाल सभी ब्लू हाउस से क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। फुग्गाड़ी प्रतियोगिता में भारती पटेल सैफ्रन हाउस प्रथम, नाव्या कौर आहूजा ग्रीन हाउस द्वितीय एवं आराध्या प्रधान व्हाइट हाउस तृतीय स्थान पर रहीं। समस्त विजयी प्रतिभागियों का सम्मान, प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया। माइक संचालन उप प्राचार्य नासिर खान के द्वारा की गई प्रबंधन व्यवस्था में सभी शाला परिवार का सहयोग सराहनीय रहा।

# रावत जाति के संबंध में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारियों का नगर आगमन आज

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

यादव समाज के 'रावत' जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में दर्ज नहीं होने से हजारों युवा शासकीय योजनाओं एवं रोजगारों से वंचित हो रहे हैं। इस हेतु अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के द्वारा 'रावत' जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में स्थान देने हेतु हंसराज अहीर अध्यक्ष, केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक को ज्ञापन एवं आवेदन दिया गया था। इसी तारतम्य में पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर के अधिकारियों का आगमन सरायपाली नगर के सर्किट हाउस में होगा। आयोग के अधिकारियों द्वारा 'रावत' जाति का क्षेत्रीय अध्ययन एवं समाज प्रमुखों से चर्चा किया जाएगा। सरायपाली, बसना एवं फुलझर अंचल के 'रावत' जाति से संबंधित समस्याग्रस्त सामाजिक सदस्यों को जाति से संबंधित दस्तावेज के साथ न्यू सर्किट हाउस, केंजुआ रोड़, सरायपाली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। यह जानकारी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष विनोद यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार यादव द्वारा दी गई।

# बच्चे अध्ययन हेतु विद्यालयों तक नही पहुंच सकते तो विद्यालयों एवं शिक्षकों को उन तक पहुंचना होगा

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



ऐसा बहुत कम ही होता है कि संपन्न नगरीय समाज सुदूर वनांचलों में रहने वाले अपने वानप्रस्थी पूर्वजों के वंशजों से मिलने उनके घर कुटीर में जाता है। युग दृष्टा स्वामी विवेकानंद के भारतीय समाज को स्पष्ट निर्देश अगर बच्चे अध्ययन हेतु विद्यालयों तक नही पहुंच सकते तो विद्यालयों एवं शिक्षकों को उन तक पहुंचना होगा को चरितार्थ करता हमारा ये संगठन आप जैसे संवेदन भामाशाहों के सहयोग से ही यह कार्य कर पा रहा है। समग्र विश्व में भारत को अग्रणी बनाना है तो स्व.अशोक सिंघल ने हम सब को ये व्रत संकल्प का रसपान भी कराया है कि हमारे सुखद जीवन से जुड़े हमारे घरेलु सेवक, सारथी-ड्राइवर, दर्जी, मोची, धोबी, स्वच्छता कर्मी, माली, स्वीपर, पंडित, दूधवाला, समाचार पत्र/पत्रिका देने वाले, शिक्षक, चिकित्सक, ब्रेड. डबलरोटी वाला, कबाड़ी, सब्जी वाले, बर्तन वाली बाई, कपड़े धोने वाली बाई, मालिश वाली बाई, बच्चों की देखरेख करने वाली, झाड़ू पूछा करने वाले, बच्चों को स्कूल लाने लेजाने वाले ऑटो/वेन/बस वाले आदि को भी मकर संक्रांती पर उपहार देना और प्रयास करना की वर्ष में एक बार उनको अपने निवास पर सपरिवार बुलाना और वर्ष में एक बार उनके घर परिवार में जाना। ऐसा करते हुवे हम सब का जीवन इतना परस्पर स्नेह और विश्वास का बन गया है की जैसे हम एक वृहद परिवार के सदस्य बन गये हैं। कठिन तो था प्रारम्भ करने में किन्तु अब उसका आनंद ले रहे हैं। पहले की अपेक्षा अब यात्राएं आसान हो गयी हैं कारण सड़क, बिजली, इंटरनेट, सम्पर्क होने पर व्यवस्था करना सुगम हो गया है और कृषक समाज की आर्थिक उन्नति भी हुई है और गांव गांव में नलकूप बोरिंग होने और सौर्य ऊर्जा बिजली से वे दो या तीन फसल भी लगा रहे हैं। यात्रा का प्रथम विश्राम धमतरी द्विवित में हुआ जहां धमतरी अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, नितिन गुप्ता, नरेंद्र जायसवाल, रागिनी गुप्ता और जानकी गुप्ता के द्वारा वन यात्रियों का स्वागत सत्कार किया गया। महिला समिति सदस्य जानकी गुप्ता ने बताया कि एकल विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित बाल आनंद मेला, योग, श्लोक के साथ नृत्य नाटिका के साथ संस्कार शिक्षा ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की कला इस बात को चरितार्थ कर रही थी कि संसाधन का अभाव प्रतिभा के आड़े नहीं आ सकता सभी छत्तीसगढ़ी और आदिवासी नृत्य पर झूम के थिरके। प्रकल्प प्रभारी अनिल धागा, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया, पवन कुमार कौशिक एक्स आर्मी, वीरेंद्र नाथ पंडित, महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया, उपाध्यक्ष अनीता खंडेलवाल, सचिव सरिता रेखानी ने कहा कि आप लोगो के सामूहिक प्रयत्न से एकल विद्यालय के विद्यार्थियों एवं ग्राम समिती के सदस्यों के लिए लाये गये उपहारों के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आगे भी आपका सहयोग हमे मिलता रहेगा जिससे हम 5145 एकल विद्यालय से बढाकर 9000 एकल विद्यालय का लक्ष्य छत्तीसगढ़ में पूरा कर सकेंगे। वनवंधु परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में एकल विद्यालय, भारत लोक शिक्षा परिषद और रोटरी क्लब के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# मवेशी तस्करी करने वाले 6 आरोपियों को पकड़ने में सायबर सेल टीम व पामगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



मवेशी तस्करी करने वाले 06 आरोपियों को पकड़ने में सायबर सेल टीम व पामगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता। आरोपियों के कब्जे से कुल 69 मवेशी किमती 207000/ -रूपये को किया बरामद। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में पशु तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन तथा अजाक/सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र खूंटे के नेतृत्व में साइबर सेल/थाना पामगढ़ को मुखबीर सूचना मिला कि 20.12.2024 को दरमियानी रात्रि में ग्राम जौरेला से ढाबाडीह जाने वाले पक्की रास्ता के किनारे खेत के पेड़ में रस्सी से 60-70 बछड़ा मवेशी को बांध कर रखे है जिसे ट्रक में कुछ लोग ठूस ठूस कर भर रहे है कि सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया, मौके पर एक ट्रक क्रमांक एमपी 50 एच 1399 चालू हालत में होना पाया गया जिसका ड्रायवर मौका पाकर ट्रक से कुद कर भाग गया मौके पर आरोपी विकास बंजारे, रामकिशुन टण्डन, रामेश्वर प्रसाद शास्त्री, दीपक कांत, मंजीत जांगड़े मिला जिनसे पुछताछ करने पर बताया है कि एक अन्य साथी जो मवेशी (गाय, बैल, भैस) का तस्करी करता है, उसी के कहने पर हम लोग ट्रक क्रमांक एमपी 50 एच 1399 में अपने दो अन्य सहयोगी साथी के साथ 35 नग बछड़ा/बैल लाल, सफेद, काला रंग का मवेशी को भरना एवं ट्रक में तिरपाल से ढक कर रस्सी से बांधना तथा 34 नग बछड़ा/बैल मवेशी को रस्सी से बांध कर खेत में रखना बताया गया। मौके पर आरोपीयो के कब्जे से 01 एक ट्रक क्रमांक MP- 50-॥-1399 02. एक कार स्वीप्ट क्रमांक CG-10 -AF-7297 03. एक मोटर सायकल कमांक CG-11-BP-0763 04. मोबाईल 03 नग 05. 69 नग मवेशी, जुमला किमती 18,78,000/-रूपये को बरामद किया गया है। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपीयो के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से थाना पामगढ़ में अपराध क्र. 559/2024 धारा 4,6,10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं 11 घ पशु क्रुरता अधिनियम एवं धारा 325 बीएनएस कायम किया जाकर आरोपीयों को विधिवत गिरफ्तार 21/12/2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। मामले मे अन्य आरोपीयो की पतासाजी विवेचना जारी है।

**यह आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे** – विकास बंजारे उम्र 34 वर्ष निवासी भरथरी थाना जरहागांव जिला मुंगेली। रामकिशुन टण्डन उम्र 28 वर्ष निवासी बिरगहनी थाना जरहागांव जिला मुंगेली, रामेश्वर प्रसाद शास्त्री उम्र 38 वर्ष निवासी बेलपुरी थाना पथरिया जिला मुंगेली, दीपक कांत उम्र 34 वर्ष निवासी जोरैला थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा, मंजीत जांगड़े उम्र 35 वर्ष निवासी जोरैला थाना पामगढ जिला जांजगीर चाम्पा, देवराज भुआर्य निवासी ग्राम कुम्हली थाना मोहला जिला मोहला मानपुर। उपरोक्त कार्यवाही के नेतृत्व में साइबर सेल प्रभारी उनि पारस पटेल, सउनि. विवेक कुमार सिंह, आर. रोहित कहरा, गिरीश कश्यप, प्रदीप दूबे, सहबाज खान तथा थाना पामगढ़ से थाना प्रभारी उनि मनोहर सिन्हा, सउनि संतोष बंजारे एवं थाना पामगढ पुलिस का योगदान रहा।

# अपराध और अराजकता की जननी कांग्रेस: सरला कोसरिया

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की विधायक उत्तरी जांगड़े द्वारा अन्य विधायक चातुरी नंद, रामकुमार यादव,कविता प्राण लहरे, उमेश पटेल की उपस्थिति में बलौदाबाजार की आगजनी की घटना को कांग्रेस का शौर्य उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए कहना छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे अपराध के पीछे विशेषकर बलौदाबाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका आत्म स्वीकृति है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कांग्रेस के एक प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कलेक्टर कार्यालय के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करने के लिए उकसाया गया है। उत्तरी जांगड़े ने बाकायदा बलौदाबाजार में लगभग 6 माह पहले हुई आगजनी ,तोड़फोड़ और हिंसा का हवाला देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उसी घटना की पुनरावृत्ति करने कहा गया है। सरला कोसरिया ने आगे बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा राजीव मितान क्लब बंद होने के कारण युवा खाली हो गए है इसलिए प्रदेश में बलात्कार, और हत्या की घटनाएं व अपराध बढ़ रहे है। सूरजपुर में एक पुलिस हेड कांस्टेबल की पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या के मामले में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के पदाधिकारी कुलदीप साहू की संलिप्तता सामने आई थी। यह सारी घटना कांग्रेस के आपराधिक चरित्र का शर्मनाक नमूना है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपने गुंडा तत्वों के जरिए कानून व्यवस्था बिगाड़कर अराजकता और आतंक का जहर घोलने में लगी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर मिथ्या प्रलाप कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश में बढ़ते अपराधों के पीछे कांग्रेस का षड़यंत्र ही काम कर रहा है। सरला कोसरिया ने आगे बताया कि कांग्रेस अपने टुलकिटिया षडयंत्र के बेनकाब हो जाने से न केवल अपने षड़यंत्रों के जाल में फंस गई है,अपितु उत्तरी जांगड़े द्वारा हिंसा, तोड़फोड़ और अराजकता फैलाने के उकसावे में छिपी आत्म स्वीकृति को कांग्रेस के गले की हड्डी बना दिया है। ऐसे अनेक घटना को अंजाम दिया गया है जिसमें कांग्रेसीयों की संलिप्तता है। (दुष्कर्म के मामले में अंतागढ़ के सुप्रकाश मल्लिक जेल, बलरामपुर में कांग्रेसी सुन्दरमनी मिंज द्वारा गाय को एयरगन से फायर करना, मैनपाट में जमीन फर्जीवाड़ा कांग्रेसी नेता अटल बिहारी यादव, बलौदाबाजार की घटना में विधायक देवेंद्र यादव जेल में, मोहला में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेसी नेता द्वारा भाजपा कार्यकर्ता को काट डालने की धमकी) सरला कोसरिया ने आगे बताया कि दरअसल कांग्रेस सत्ता छीन जाने के बाद साथ साथ अपने तमाम कुकर्मों के सामने आने और आपराधिक चेहरे उजागर होने के इस कदर छटपटा रही है कि अब वह अपने गुर्गों के जरिए खून की नदियां बहाने में नहीं हिचक रही है। छत्तीसगढ़ में जबसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता सम्हाली है,कांग्रेस के लोग यह हजम नही कर पा रहे है और रह रहकर प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुनौती देकर प्रदेश में अराजकता का माहौल निर्मित करने के नित नए षडयंत्र रचने में लगे है। पिछले सालभर में अमूमन हर बड़े अपराध में कांग्रेसियों की संलिप्तता सामने आई है। हर तरह के अपराधों में संलग्न लोगों की शरणस्थली बनी कांग्रेस का यही राजनीतिक ट्रैक रिकार्ड रहा है कि जब वह सत्ता में होती है तो आपराधिक तत्वों को प्रश्रय देकर अपने हित साधने के लिए उन्हें इस्तेमाल करती है,और सत्ता से दूर रहने पर इन्ही तत्वों को इस्तेमाल करके प्रदेश में अपराधों का सिलसिला चलाकर अराजकता फैलाने में अपनी ताकत झोंक देती है।

# फिल्म नगरी मुम्बई में डॉ.गोकुल को मिला अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड तो नरोत्तम को राष्ट्रीय अवार्ड

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



देश के महानगर मुंबई अंतर्गत सिद्धि विनायक मंदिर वीर सावरकर मार्ग प्रभादेवी कोहिनूर हाल मुंबई महाराष्ट्र में 21 दिसंबर 2024 को समता साहित्य अकादमी इंडिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य बेमेतरा जिला निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक साहित्यकार कलाकार रंगकर्मी डॉ. गोकुल बंजारे चंदन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त को लाइफटाइम अचीवमेंट अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, व नरोत्तम लाल साहू उत्कृष्ट शिक्षक कलाकार रंगकर्मी बेमेतरा को शिक्षा रत्न समता राष्ट्रीय अवार्ड से, शाल श्रीफल व मैमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया, यह उपाधि इनके द्वारा किए गए समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करने हेतु और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए शिक्षा, साहित्य, लोककला, खेलकूद, नशाबंदी, ग्राम उत्थान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संस्कृति एवं व्यक्तित्व विकास की आवश्यकताओं में योगदान करने हेतु श्रेष्ठ भूमिका का परिचय देने के फलस्वरूप अवार्ड प्रदान किया गया है, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक राव माने विधायक हाथकंगले कोल्हापुर महाराष्ट्र, विशिष्ट अतिथि नीतिन तायडे क्राइम ब्रांच मुंबई सी एस टी, फिल्म अभिनेता अर्जुन यादव मुंबई महाराष्ट्र, डॉ.मुकेश सहगल प्रधान वैज्ञानिक एन सी आई पी एम नयी दिल्ली, डॉ. संदेश सिरसाठ बेंच आफ मजिस्ट्रेट मुंबई, राष्ट्रीय अध्यक्ष समता साहित्य अकादमी इंडिया डॉ.देवानन्द टाण्डेकर जी के करकमलों डॉ.गोकुल बंजारे चंदन व नरोत्तम लाल साहू छतीसगढ़ बेमेतरा को उक्त अवार्ड प्रदान किया गया, अवार्ड प्राप्ति पर बंजारे ने संबोधित करते छत्तीसगढ़ की महत्ता को बखान करते हुए मुंबई में अपने स्वरचित छत्तीसगढ़ी कविताओं का रसास्वादन कराया, कार्यक्रम का संचालन वैभव कुमार निमकर अमरावती महाराष्ट्र ने किया व आभार व्यक्त टाण्डेकर ने की, इस शुभ अवसर पर घरडे जी, दीपक आचार्य, रघुनंदन यादव, मुकेश पात्रे, सविता पात्रे, कांति प्रभा बंजारे छ ग से व थाणे मुंबई से चंद्र लाल सोनवाने इंजिनियर, अनीता सोनवाने व्याख्याता, कु.अनन्या,शिवांस सोनवाने, अंश, आशी, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# तहसील साहू संघ की बैठक स्थानीय साहू सदन में आयोजित किया गया





पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ की बैठक स्थानीय साहू सदन में रखी गयी थी। बैठक की अध्यक्षता तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने किया, बैठक का विषय छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा आयोजित 7 जनवरी को राजिम जयंती में अधिक से अधिक संख्या में राजिम जाना है। तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा में 15 परिक्षेत्र है सभी परिक्षेत्र से जयंती मनाने के लिए राजिम जाना है, इस विषय में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गणों से निवेदन है कि अपने परिक्षेत्र में बैठक करना है सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्षगणो को तैलिक ज्योति पुस्तक दिया गया जिसमें शादी योग्य युवक युवती का पंजीकृत किया गया है। सामाजिक नियमावली का भी उल्लेख किया गया है सभी परिक्षेत्र में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जाना है जिससे एक दूसरे के विचार को जानने का मौका मिलता है एवं सामाजिक संगठन में मज़बूती आता है बैठक में मोहनलाल साहू, तोरण लाल साहू, रेखूराम साहू, घना राम साहू, रुप लाल साहू, गोविन्द साहू, संतराम साहू, शीतल साहू, राधा साहू, संगीता साहू, दामिनी साहू, गायत्री साहू,पुरूषोत्तम साहू, शंकर साहू, छन्नूसाहू, दीपक साहू, कुन्ती साहू, अजीत साहू, पीयूष साहू, सहित समाज के लोग उपस्थित थे,

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई मेगा पालक बैठक




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार समस्त विद्यालयों मे मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाना था। जिसका उद्देश्य पालको को बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता से अवगत कराना तथा बच्चों की शैक्षणिक गतिविधि पर विचार विमर्श कर शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाना है। संस्था प्रमुख रामेश्वर प्रसाद बंजारे सर द्वारा बच्चो की छः माही परीक्षा सहित विभिन्न गतिविधियों पर पालको से चर्चा किया गया तथा समस्त कक्षा शिक्षको द्वारा समेटिव आकलन 1(अर्धवार्षिक परीक्षा फल) पालको को दिखाया गया। तथा वीर बाल दिवस पर बच्चों के द्वारा चित्र बनाये व निबंध लेखन किया गया। इस कार्यक्रम मे संस्था प्रमुख रामेश्वर प्रसाद बंजारे सहित शिक्षक चेतन कुमार देवांगन,संतोष कुमार यादव, रेणुका अग्रवाल, देवकी साहू, अलका वासनिक लक्ष्मी पांडे, सुनीता बंजारे, विद्या श्रीवास्तव, प्रेमलता मिश्रा, लक्ष्मीणी साहू, रोहिणी साहू उपस्थित रहे।

# ग्राम जमरूवा एवं साल्हे के ग्रामीणजनों को ठंड से बचने के लिए 140 कंबल का वितरण किया गया




पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राजहरा महिला समाज के द्वारा 18 दिसंबर को समाज सेवा कार्य के तहत पास के ग्राम जमरूवा एवं साल्हे के ग्रामीण जनों को ठंड से बचने के लिए 140 कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के अवसर पर राजहरा महिला समाज अध्यक्ष रेखा गहरवाल ने कहा है कि राजहरा महिला समाज के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा विभिन्न कार्य किया जाता है द्य हम लोग ग्रामीण अंचलों में जाकर लोगों की जरूरत के हिसाब से आवश्यक सामग्री का वितरण करते हैं द्य हमारी संस्था की ओर से ग्रामीण अंचल में जाकर नेत्र शिविर लगाकर आंख जांच तथा चश्मा वितरण , स्वास्थ्य जांच संबंधित शिविर लगाकर स्वास्थ्य संबंधित जांच एवं दवाई का वितरण लोगों को जागरूक करने का काम भी करते आ रहे हैं द्य महिला समाज की ओर से हम लोगों ने कई ग्राम पंचायत को विभिन्न आवश्यक सामग्री का वितरण किए हैं द्य इस अवसर पर राजहरा महिला समाज से अध्यक्ष रेखा गहरवार, उषा रामटेक, आशालता मजगहे, आरती कापरे, प्रभा सिंह, प्रतिमा सिंह, मिनौती बास्के एवं कार्मिक विभाग के अधिकारी शशांक राव, पर्यावरण अधिकारी ए. के .सार्वे और महिला समाज के केयर टेकर सोनउ राम साहू उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास जयंती के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम फरी बाबामोहतरा सहित अन्य ग्रामों में बाबा गुरु घासीदास के जयंती अवसर पर मनाया जा रहे कार्यक्रमों में शामिल हुए इस दौरान ग्राम फरी में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने विधायक कार्यकाल के दौरान स्वीकृत किए गए सांस्कृतिक मंच जिसकी लागत ढाई लाख रुपये रही का भी लोकार्पण कर ग्राम वासियों को समर्पित किया जिसके लिए ग्राम वासियों ने पूर्व विधायक का आभार व्यक्त किया साथ ही साथ कार्यक्रम में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे उनके बोले हुए सभी वाक्य आज मानव जीवन में पथ प्रदर्शक के रूप में कार्य कर रहे हैं बाबा गुरु घासीदास ने मानव समाज को जीवन जीने की रीत समझायी जय सतनाम केवल एक वाक्य नहीं है यह जीवन जीने का माध्यम है जिसका अर्थ सत्य और समानता के साथ जीवन बाबा गुरु घासीदास ने समाज में जातिगत भेद भावना छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाज से हटाते हुए मानव मानव या मनके मनखे एक समान की बात कही और सतनाम पंथ की स्थापना की आज विश्व के समस्त सतनाम पंथ को मानने वाले बाबा गुरु घासीदास के अनुयाई जन को बाबा गुरु घासीदास के जयंती के अवसर पर हार्दिक बधाइयां तथा बाबा गुरु घासीदास के श्री चरणों में उन्हें शत-शत प्रणाम है इस अवसर पर बेरला जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नवाज खान जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड पूर्व पार्षद रीता पांडे नवागांव सरपंच निलेश वैष्णव पूर्व कुसमी सरपंच हरीश साहू ईश्वर सिंह राजेश चंदेल राजू साहू सुमित राजपूत डॉक्टर यशराज साहू पर सिंह कमल साहू राजकुमार सेन गोविंद राजपूत गुड्डू सेन जगरू सिंहसंतोष मार्कंडेय श्याम सुंदर भागवत बारले रामदास मारकंडे गणेश बंजारे अमर दास मारकंडे की ओर भूषण बारले नरोत्तम बारले चंद्रिका प्रसाद देवदास चरण दास सोनू बंजारे धनीराम साहू नील गगन बंजारे कमल बंजारे साधेलाल सोनवानी लक्ष्मण देहरी भागेलाल डेहरी साधु लाल सोनवानी ओमप्रकाश डेहरी उत्तम डेहरी चरण कुर्रे लीलू पाटिल गन्नू पाटिल दिलीप बारले प्रेम डेहरी ओमप्रकाश डेहरी विक्रम छाबड़ा विक्रम जनार्दन सहित पंथी पार्टी व ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय ने चलाया पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा द्वारा चलाए जा रहे पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरापाठ. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रौनी. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरबकोंबो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महादेवडांड आदि स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कैरियर गाइडेंस की जानकारी दी गई डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहना चाहिए इससे महाविद्यालय तथा स्कूलों में आपसी संबंध से बढ़ेगा और स्कूल के शिक्षकों और महाविद्यालय के शिक्षकों में बच्चों की शिक्षा को लेकर नई रणनीति का निर्माण किया जा सकेगा। शिक्षक बच्चों की कमियों को गहराई से समझ कर उसे बेहतर तरीके से सुलझाने का प्रयास करेंगे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरा पाठ के प्राचार्य बाला प्रसाद यादव ने कहा यदि इसी प्रकार से महाविद्यालय के प्रोफेसर हमारे विद्यालयों में आते रहेंगे तो हमारे विद्यार्थियों में उत्सुकता और बढ़ेगी साथ ही साथ उन्हें सीखने के लिए प्रेरणा मिलेगी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रौनी के प्राचार्य शास्त्री ने कहा कि महीने में काम से कम एक बार महाविद्यालय के प्रोफेसर को विद्यालय के उन्मुखी कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर तिग्गा ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकों की भूमिका अहम होती है क्योंकि नींव मजबूत करने का काम उन्हीं का होता है. डॉ तिग्गा ने विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ को शुभकामनाएं दी तथा आश्वासन दिया कि हर जरूरत में हम हमेशा साथ रहेंगे एवं तैयार रहेंगे।

## सूरजपुर पुलिस का जुआरियों पर बड़ा प्रहार, 06 लाख, 32 हजार 500 रूपये, मोबाईल, बाईक व कार किया जप्त

# जंगल में जुआ खेलते 9 अंतर राज्यीय जुआड़ी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com










जिले की पुलिस ने 09 अंतर्राज्जीय जुआडियों को जंगल में रेड मारकर धर दबोचा है। इनके पास से 6 लाख 32 हजार 5 सौ रूपये बरामद की गई है। मामला जिले के थाना रमकोला क्षेत्र के ग्राम खोड़ जंगल का है। जुआ खेलने की सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए टीम गठित कर जंगल भेजा गया था। एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध सजगता से लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी बीच 21.12.2024 के रात्रि में थाना रमकोला पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि खोड़ जंगल में कई जुआड़ी हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना से एसएसपी सूरजपुर को अवगत कराने पर उन्होंने थाना रमकोला की एक बड़ी पुलिस टीम गठित कर पूर्ण सावधानी के साथ भेष बदलकर मौके पर जाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ग्रामीणों का भेष धारण कर पैदल चलकर मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़-झारखण्ड के बार्डर ग्राम खोड़ जंगल पहुंची और रेड कार्यवाही कर 9 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों धर दबोचा, जुआड़ियों के पास व जुआ फड़ से 6 लाख 32 हजार 5 सौ रूपये जप्त किया गया। मौके से जुआड़ियों के 9 नग मोबाईल, 6 नग मोटर सायकल एवं 1 नग कार भी जप्त किया गया है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।पकड़े गए आरोपी। (1) आजेश कुमार साहू पिता रामलगन साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम जैतपुर, थाना विन्ध नगर, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश (2) अनिल कुमार पिता रामबिलास कलार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम रघुनाथनगर, थाना रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर (3) मोहम्मद जमीर पिता स्व. सलीमद्दीन उम्र 50 वर्ष निवासी बैकुण्ठपुर, थाना बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (4) शंकर दुसाद पिता अयोध्या दुसाद उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम जयंत, थाना बिंधनगर, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश (5) गुलाब चंद जायसवाल पिता स्व. मकरध्वज उम्र 45 वर्ष ग्राम रमेशपुर, थाना रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर (6) अंबाली केश्वर पिता स्व. बाबुलाल जायसवाल उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम उरती, थाना बैढ़न जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश (7) प्रदीप कुमार जायसवाल पिता रामबिलास उम्र 53 वर्ष ग्राम रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर (8) उमेश कुमार साहू पिता जल्लू साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम मलिया, थाना मलिया, जिला सीधी मध्यप्रदेश (9) अवध कुमार गुर्जर पिता स्व. जगदीश प्रसाद उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम आसंदी, थाना रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर। कार्यवाही में शामील पुलिस टीम। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रमकोला हीरालाल साहू, एएसआई विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक संजय राजपूत, आरक्षक जीवन राम, रामा कुमार, सुनील सिंह, करन सिंह, रामप्रसाद व ईश्वर प्रसाद सक्रिय रहे।

# संजीवनी एक्सप्रेस 108 में गूंजी खुशियों की किलकारी



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

गर्भवती महिला सुचिता भगत को जिला अस्पताल जशपुर से मेडीकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया था। जिसे पीएचसी नारायणपुर लोकेशन 108 एंबुलेंस लेकर जा रही थी अंबिकापुर जाते समय महुआटोली सेंद्रीमुंडा के पास अचानक दर्द ज्यादा होने लगा तो 108 संजीवनी एक्सप्रेस के स्टाफ श्वस्त्र माधुरी खाखा और पायलट अचिंत लकड़ा ने सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित प्रसव कराया उसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में भर्ती कराया गया. इस संबंध में दीपक कुमार साहू जिला प्रबंधक 108 ने बताया कि सभी अपनी जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं।



# पुष्पा 2 से बेबी जॉन के टकराव पर एटली ने तोड़ी चुप्पी

वरुण धवन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बेबी जॉन की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं। कलीस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म रिलीज से पहले 18 दिसंबर को बेबी जॉन की टीम को मुंबई में एक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते देखा गया। प्रेस मीट इवेंट के दौरान फिल्म निर्माता एटली ने ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 से इसके टकराव पर चुप्पी तोड़ी और मामले पर बड़ा बयान देते नजर आए।

### पुष्पा 2 से बेबी जॉन के टकराव पर एटली की दो टूक

एटली ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म पुष्पा 2- द रूल से अपनी फिल्म बेबी जॉन की प्रतिस्पर्धा पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। एटली ने कहा कि वह इसे टकराव के तौर पर नहीं देखते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अल्लू अर्जुन ने वरुण धवन को बेबी जॉन के लिए बधाई दी थी। इवेंट के दौरान एटली से 25 दिसंबर को बेबी जॉन की रिलीज के बारे में पूछा गया, जबकि अल्लू अर्जुन की फिल्म पहले से ही सिनेमाघरों में चल रही है।

### यह कोई टकराव नहीं

एटली ने मीडिया से कहा, यह एक पारिस्थितिकी तंत्र है। मैं और अल्लू अर्जुन सर बहुत अच्छे दोस्त हैं। हम बेबी जॉन को दिसंबर के चौथे सप्ताह में रिलीज कर रहे हैं इसलिए इसे टकराव मत कहिए। हम जानते हैं कि पुष्पा 2 अगस्त से दिसंबर में स्थानांतरित हो गई और हमने क्रिसमस के आसपास अपनी रिलीज की योजना बनाई है। हम सभी पेशेवर हैं, और हम जानते हैं कि इसे कैसे संभालना है।

### अल्लू ने वरुण को फोन कर दी बधाई

उसी बातचीत के दौरान एटली ने खुलासा किया कि अल्लू अर्जुन ने उन्हें और वरुण धवन को फोन किया और उन्हें बेबी जॉन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपनी बात में जोड़ा, उन्होंने मुझे फिल्म के लिए बधाई दी और वरुण से बात की। इस इकोसिस्टम में बहुत अच्छी दोस्ती और प्यार है।

### बेबी जॉन की रिलीज डेट

इस बीच बेबी जॉन एटली और विजय की तमिल फिल्म थेरी का रूपांतरण है। दिलचस्प बात यह है कि बेबी जॉन में सलमान खान का विशेष कैमियो है। ट्रेलर में सुपरस्टार की एक झलक पेश की गई और प्रशंसक इसे देखकर उत्साहित हो गए। बेबी जॉन 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# अदिवि शेष की डकैत में मृणाल ठाकुर को मिला मौका

## श्रुति हासन की छुट्टी



टॉलीवुड अभिनेता आदिवि शेष के जन्मदिन पर निर्माताओं ने फिल्म डकैत का पोस्टर जारी किया है। उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक डकैत है, जिसका निर्देशन शैनियल देव कर रहे हैं। यह एक प्रेम कहानी है। निर्माताओं ने फिल्म डकैत का पोस्टर जारी किया, जिसमें श्रुति हासन की जगह मृणाल ठाकुर नजर आईं। निर्माताओं ने मृणाल के दो पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में, आदिवि शेष सीरियस दिखाई दे रहें हैं, जबकि मृणाल उन्हें दुख से देखती नजर आ रही हैं दूसरे पोस्टर में मृणाल हाथ में बंदूक लिए गुस्से में दिखाई दे रही हैं। दोनों ही स्टार्स स्टाइलिश तरीके से कार में बैठे हुए नजर आ रहे हैं। डकैत के दोनों पोस्टर काफी शानदार हैं।

### फिल्म की कहानी

यह फिल्म दो पूर्व प्रेमियों की कहानी है, जिन्हें कई साहसिक डकैतियों के लिए फिर से एकजुट होने के लिए मजबूर किया जाता है, जो आखिर में उनके जीवन की दिशा बदल देती है। फिल्म का निर्माण सुप्रिया यारलागड्डा ने किया है, सह-निर्माता सुनील नारंग हैं और अन्नपूर्णा स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म की शूटिंग हिंदी और तेलुगु में एक साथ की जा रही है, जिसकी कहानी और पटकथा अदिवी शेष और शैनियल देव ने मिलकर तैयार की है। फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में हो रही है। इसके बाद महाराष्ट्र में एक और शेड्यूल की शूटिंग होनी बाकी है।

### मृणाल ने किया श्रुति को रिप्लेस

फिल्म डकैत में पहले श्रुति हासन को लिया गया था। लेकिन आज पोस्टर रिलीज के बाद यह साफ हो गया है कि इस फिल्म में श्रुति की जगह मृणाल ने ले ली है। यह फिल्म एक गुस्सैल अपराधी के सफर पर आधारित है, जो अपनी पूर्व प्रेमिका से धोखा खाने के बाद उससे बदला लेने का प्लान बनाता है। डकैत में मृणाल का एक ऐसा रूप दिखाई देगा, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।

### फिल्म के बारे में मृणाल की राय

फिल्म के बारे में बात करते हुए मृणाल ने कहा, डकैत की कहानी अपने सार में सच्ची है, देहाती कहानी कहने का एक बेहतरीन तरीका, जो अदिवी और शेनिल देव दोनों के विचारों से और भी बेहतर हो गया है। मैं जिस किरदार को फिल्म में निभाने जा रही हूं, वह मुझे एक ऐसे किरदार को निभाने का मौका देगा, जो मैंने एक अभिनेता के तौर पर पहले कभी नहीं निभाया है। मैं शेनिल द्वारा कल्पना की गई दुनिया में गहराई से उतरने का इंतजार नहीं कर सकती। अदिवी ने डकैत को लेकर कहा, डकैत एक मार्मिक प्रेम कहानी वाली एक दमदार एक्शन फिल्म है। हम डकैत टीम में मृणाल का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं और बड़े पर्दे पर उनके आमने-सामने आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# इस दिन रिलीज होगी शाहिद कपूर-तृप्ति की एक्शन फिल्म, निर्माताओं ने हटाया तारीख से पर्दा

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी परदे पर पहली बार साथ नजर आएंगे। सितारों के हाथ साजिद नाडियाडवाला की फिल्म लगी है, जिसका निर्देशन विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। 18 दिसंबर को इसकी रिलीज डेट का एलान हो गया है। साथ ही यह जानकारी भी आधिकारिक तौर पर दी गई है कि शूटिंग कब से शुरू होगी। फिल्म अगले साल दर्शकों के बीच पहुंचेगी। साजिद नाडियाडवाला ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी से शुरू होगी। वहीं, फिल्म रिलीज होगी दिसंबर में जाकर। पोस्ट में लिखा है, 6 जनवरी 2025 को एक शानदार सिनेमाई यात्रा शुरू होने जा रही है। फिल्म 5 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी। इस पोस्ट में तृप्ति और शाहिद के अलावा नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगे।

### गैंगस्टर के रोल में दिखेंगे शाहिद

यह फिल्म स्वतंत्रता के बाद के युग में अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। शाहिद इसमें गैंगस्टर के रोल में दिखेंगे। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट की कई दिलचस्प फिल्में रिलीज होने वाली हैं। शाहिद और तृप्ति की फिल्म के अलावा सलमान खान अभिनीत सिकंदर भी कतार में है। यह फिल्म अगले साल ईद के अवसर पर रिलीज होगी। इसके अलावा हाउसफुल 5 और बागी 4 भी पाइपलाइन में हैं। बागी 4 में टाइगर श्रॉफ के अपोजिट पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज संधू भी नजर आएंगी। इस फिल्म से वे हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं।

### शाहिद और तृप्ति का वर्क फ्रंट

अभिनेता शाहिद कपूर इस साल फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। वहीं, तृप्ति डिमरी के लिए भी यह साल काफी शानदार रहा है। भूल भुलैया 3 में वे कार्तिक के साथ नजर आईं। इसके अलावा वे 'बैड न्यूज' और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो फिल्मों को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहीं। देखना दिलचस्प होगा कि आगामी फिल्म में शाहिद के साथ तृप्ति की जोड़ी दर्शकों को कितनी पसंद आती है।

# किल और चांद मेरा दिल के बाद लक्ष्य के हाथ लगी एक और फिल्म

अभिनेता लक्ष्य के सितारे बुलंदियों पर हैं। उस पर करण जौहर भी उन पर मेहरबान हैं। इस साल वे धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म किल में नजर आए। करण जौहर की चांद मेरा दिल में भी वे नजर आने वाले हैं। इस बीच दिलचस्प जानकारी सामने आई है कि लक्ष्य के हाथ एक और फिल्म लगी है, वह भी धर्मा की है। इस तरह लक्ष्य करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के साथ हैट्रिक लगाने वाले हैं।

लक्ष्य का डेब्यू करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म किल के जरिए हुआ। इसमें उन्होंने कमाल के एक्शन सीन दिए। अपने अभिनय से एक्टर ने अपनी पहली ही फिल्म से दर्शकों के बीच खास जगह बना ली। धमाकेदार डेब्यू के बाद करण जौहर एक्टर लक्ष्य के साथ अपनी अगली फिल्म चांद मेरा दिल का एलान पहले ही कर चुके हैं, जिसमें अनन्या पांडे भी नजर आएंगी। इस बीच लक्ष्य की झोली में तीसरी फिल्म आ गिरी है। लक्ष्य खुद को किसी खास शैली में बांधकर नहीं रखना चाहते। डेब्यू फिल्म में वे एक्शन अवतार में नजर आए। मगर, उनकी दूसरी फिल्म चांद मेरा दिल एक लव स्टोरी है। इसमें वे अनन्या पांडे के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। लेकिन, इस लव स्टोरी फिल्म के बाद एक बार फिर वे एक्शन का धमाल करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, लक्ष्य करण जौहर की नए दौर की एक्शन फिल्म में दिखाई देंगे। किल की तरह ही यह भी एक धमाकेदार एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी।



# नई स्टारकास्ट के साथ आएगी कॉकटेल 2

2012 को रिलीज हुई फिल्म कॉकटेल ने खूब धमाल मचाया था। फिल्म में सैफ अली खान, डायना पेंटी और दीपिका पादुकोण की केमेस्ट्री सभी को पसंद आई थी। फिल्म का हर एक गाना दर्शकों की जुबा पर था। अब इस फिल्म का दूसरा भाग बनने जा रहा है। लेकिन इस बार कॉकटेल 2 में स्टारकास्ट नई होगी। फिल्म कॉकटेल 2 आने वाली है, जिससे प्रशंसक काफी उत्सुकता है। पहले इसके सीक्वल में सैफ अली खान की जगह कार्तिक आर्यन को लेकर बातचीत चल रही थी, लेकिन अब फिल्म की पूरी स्टारकास्ट तैयार है। जानिए कॉकटेल 2 में कौन-कौन नजर आएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी की कॉकटेल के सीक्वल में अब नई कास्ट फाइनल हो गई है। इसमें शाहिद कपूर लीड हीरो के किरदार में नजर आएंगे। वहीं फिल्म में अब रश्मिका मंदाना और कृति सेनन के होने की बात भी सामने आई है। फिल्म में कृति सेनन दूसरी फीमेल लीड हीरोइन का किरदार निभाती नजर आएंगी।

फिल्म के निर्माता दिनेश विजान और निर्देशक होमी अदजानिया हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कॉकटेल के लिए अब रश्मिका मंदाना को नाम लीड हीरोइन के तौर पर फाइनल कर लिया गया है। शाहिद कपूर और रश्मिका पहले 2023 में अनीस बज्मी की डबल-रोल कॉमेडी के लिए साथ आने वाले थे, लेकिन बजट की वजह से यह प्रोजेक्ट वहीं रुक गया।

फिल्म की दूसरी लीड हीरोइन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कॉकटेल 2 के निर्माता एक ऐसी अभिनेत्री के साथ बातचीत कर रहे थे, जो पहले भी मैडॉक फिल्म्स के साथ लगातार सहयोग करती रही हो। कृति ने मैडॉक के साथ लुका छुपी, मिमी, और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में काम किया है। इससे पहले कॉकटेल 2 के लिए सारा अली खान और अनन्या पांडे का नाम सामने आया था।





# बच्चों के देखने लायक कंटेंट बनाना चाहते हैं वरुण धवन

अभिनेता वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में उन्होंने मुंबई में एक प्रमोशनल इवेंट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह हमेशा से बच्चों के मनोरंजन वाले कंटेंट बनाना चाहते हैं। वरुण धवन खुद एक बच्ची के पिता हैं और बच्चों के बीच भी काफी लोकप्रिय है।

### बच्चों के देखने लायक कंटेंट बनाना चाहते हैं वरुण धवन

वरुण धवन ने इवेंट के दौरान कहा, अपने करियर के शुरुआती फिल्मों में भी मैं हमेशा ऐसी फिल्में बनाने पर ध्यान केंद्रित करता था, जिन्हें बच्चे देख सकें। मैं ऐसी फिल्में बनाना चाहता हूं, जिन्हें बच्चे देख सकें, उनका आनंद ले सकें, उनके चेहरों पर मुस्कान ला सकें और यही वजह है कि मैं बच्चों के साथ बहुत आनंद लेता हूं।

### कब रिलीज होगी बेबी जॉन?

वरुण धवन की आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' 25 दिसंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन के साथ कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ नजर आएंगे। सलमान खान फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे।

### प्रमोशन में भी एक्साइटेड दिखे वरुण

अपनी फिल्म 'बेबी जॉन' का प्रमोशन करते हुए वरुण धवन काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। इवेंट में फिल्म की पूरी टीम उनके साथ नजर आई। फिल्म के प्रोड्यूसर, राइटर एटली भी इवेंट में शामिल थे। सभी फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर एक्साइटेड नजर आए।

### विजय थलापति की 'थेरी' का रीमेक है बेबी जॉन

वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' विजय थलापति की साउथ फिल्म थेरी का हिंदी रीमेक है। साउथ वाली फिल्म को एटली ने डायरेक्ट किया था, अब वह फिल्म 'बेबी जॉन' के प्रोड्यूसर हैं, कहानी भी उनकी ही लिखी है। हिंदी फिल्म को कैलिस ने डायरेक्ट किया है।


# बिग बॉस 18 के बाद 'लाफ्टर शेफ सीजन 2' का हिस्सा बन सकते हैं विवियन डिसेना

विवियन डिसेना टीवी की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम है। वह बतौर रोमांटिक हीरो सीरियल्स में नजर आए हैं। इन दिनों विवियन सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए टीवी रियालिटी शो 'बिग बॉस' में नजर आ रहे हैं। विवियन के फैंस को इस शो में उनका एंग्री यंग मैन वाला अंदाज काफी भा रहा है। वह बिग बॉस 18 जीतने के लिए काफी मेहनत भी कर रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो विवियन बिग बॉस के घर से निकलने के बाद बिल्कुल अलग तरह का शो करने वाले हैं।


### विवियन करेंगे अलग जॉनर का शो

विवियन ने अब तक कॉमेडी नहीं की है, साथ ही दर्शकों ने उन्हें कुकिंग करते हुए भी टीवी पर नहीं देखा है। लेकिन बिग बॉस के बाद विवियन को दर्शक ऐसा करते हुए देख सकते हैं। कहा जा रहा है कि विवियन, 'लाफ्टर शेफ सीजन 2' का हिस्सा बन सकते हैं। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ऐसा दावा कर रही हैं कि विवियन इस शो में नजर आएंगे।

'लाफ्टर शेफ सीजन 2' एक अलग तरह का शो है। इसे कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष होस्ट करते हैं। इस शो में सेलिब्रिटीज आते हैं और अपना कुकिंग टैलेंट दिखाते हैं। साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है।



# मंडल चुनाव में नही किया गया मापदंडों का पालन, राष्ट्रीय नेतृत्व का आदेश ताक पर

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष का चुनाव विवादों में आ गया है। आरोप है कि मंडल चुनाव राष्ट्रीय नेतृत्त्व के आदेश को ताक पर रख संपन्न किया गया हैं। मापदंडों को दरकिनार कर चेहते और व्यक्ति विशेष को अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। बता दे कि यह पहला मौका है, जब मंडल अध्यक्ष से लेकर जिलाध्यक्ष पद तक के लिए उम्र का मानक तय किया गया है। मंडल अध्यक्ष के लिए आयु सीमा 35 से 45 साल तय की गई है। जबकि जिलाध्यक्ष 45 से 60 साल तक की उम्र वाले ही बनाए जाएंगे। लेकिन जिले में हुई 16 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर सवाल उठने शुरू हो गए है। बताया जा रहा है कि मंडल चुनाव अधिकारी को मंडल अध्यक्ष के लिए तीन नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व को बनाकर भेजना था। लेकिन बालोद मंडल में 4, दल्लीराजहरा मंडल में 5 और देवरी मंडल में केवल एक नाम का ही पैनल भेजा गया। एक नाम के पैनल को भाजपा प्रदेश कार्यालय से अस्वीकार कर देने के बाद रातों-रात दो और अन्य नामों को जोड़कर पैनल भेजा गया। वही मंडलों में दावेदारी पश्चात चुनाव अधिकारी रायशुमारी करते, लेकिन ज्यादातर मंडलों में बगैर दावेदारी रायशुमारी की गई। बताया जा रहा है कि मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर नाराजगी देखी जा रही है, जिसकी शिकायत भाजपा के नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय में बनी अपील समिति से की जा सकती है।

### पार्टी के साथ धोखाधड़ी करने की शिकायत

दल्लीराजहरा के बूथ क्रमांक 202 के सक्रिय सदस्य श्याम जायसवाल, बूथ क्रमांक 186 के मेवालाल पटेल और बूथ क्रमांक 190 के जीवन साहू ने निर्वाचन अधिकारी नीलू शर्मा को नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी से मंडल अध्यक्ष बनने की शिकायत कर महेंद्र सिंह के विरुद्ध जांच कार्यवाही व मंडल अध्यक्ष पद पर दावेदारी खारिज किये जाने की लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में उन्होंने बताया कि वे दल्लीराजहरा मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। दल्लीराजहरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष पद के लिए महेन्द्र सिंह ने अध्यक्ष पद हेतु अपना नाम प्रस्तावित किया और मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। लेकिन पार्टी के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष पद हेतु 35 से 45 वर्ष की सीमा तय किया गया है। जबकि महेन्द्र सिंह द्वारा जानबुझकर अपनी उम्र को 3 वर्ष कम बताकर पुनः आधार कार्ड बनाया गया है। जबकि महेन्द्र सिंह के बीएसपी प्राथमिक शाला दल्लीराजहरा के स्कुल अभिलेख दाखिल पंजी अनुसार जन्म 17 अगस्त 1978 है। जबकि महेंद्र सिंह के द्वारा आधार कार्ड में जानबुझकर 17 अगस्त 1981 अंकित करवाया गया है। इस तरह 3 वर्ष कम बताकर फर्जी आधार कार्ड व सक्रिय सदस्यता में फर्जी जन्मतिथि दर्ज करवाया है। यह पार्टी के साथ धोखाधड़ी किया है। जो गंभीर आपराधिक कृत्य है जिसकी जांच कर पार्टी हित में उचित कार्यवाही किया जावे, व इसके दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष की दावेदारी खारिज किया जावे।

### गुरुर मंडल में फंसा पेंच

जिले में 17 में 16 मंडल अध्यक्ष नियुक्त किये जा चुके है। एक मात्र गुरुर मंडल पर विचार नही बन पाया है। पार्टी सूत्रों की माने तो गुरुर मंडल के लिए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के बेटे को मंडल अध्यक्ष बनाया जाना लगभग तय है। लेकिन उम्र में आकर पेंच फंस गया है। 35 वर्ष होने में 3 से 4 माह बाकी हैं। नियम से पैनल में गए अन्य नामो पर पार्टी को विचार कर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया जाना चाहिए, लेकिन शायद जिसके नाम और सहमति बनी है, उसके 35 वर्ष होने का इंतेज़ार किया जा रहा है। वही दूसरी तरफ ओटेबन्द मंडल के लिए चेतन साहू का एक माह अधिक और जुंगेरा मंडल के लिए पार्थ साहू का 35 वर्ष पूरे होने में पांच दिन कम होने की वजह से दावेदारी अस्वीकार की गई, तो वही गुरुर मंडल अध्यक्ष हेतु 35 वर्ष पूरे होने का इंतेज़ार किया जा रहा है।

'सारे जगह तीन तीन नाम का पैनल गया हुआ था, उस तीन नाम पर रायशुमारी कर के ही निर्णय लिया गया हैं, रही बात गुरुर मंडल की तो होल्ड है, जल्द वहां भी नए अध्यक्ष का नाम पर निर्णय लिया जाएगा, पार्टी का जो निर्णय है, वह सर्वमान्य रहेगा, अगर पार्टी ने गुरुर मंडल को होल्ड किया है, तो कुछ समझ के होल्ड किया होगा।

**नीलू शर्मा, निर्वाचन अधिकारी**

# नव युवा शक्ति को मिला अवसर भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुम्हारी का दायित्व सम्हालेंगे धर्मेंद्र सिन्हा



पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भाजपा शीर्ष कार्यकारिणी ने सदा अपने निर्णय अप्रत्याशित रूप से लेकर सभी को चौंकाया है। यह दृश्य मण्डल अध्यक्षों के चयन में भी स्पष्ट दिखा। सभी सम्भावनाओं को ध्वस्त करते हुए युवा शक्ति को महत्वपूर्ण और उत्तरदायी अध्यक्ष पद पर प्रतिष्ठित कर भाजपा ने अपने आगामी लक्ष्य संधान करने की दिशा में एक चरण पूर्ण कर लिया। ज्ञात हो कि कुम्हारी मण्डल के सभी प्रत्याशी युवा, ऊर्जावान, उत्साही और लोकप्रिय हैं। किन्तु इस दौड़ में भाजपा शीर्ष कार्यकारिणी ने युवा धर्मेन्द्र सिन्हा को इस पद का दायित्व प्रदान कर युवाओं में उत्साह और उमंग संचारित कर दिया है। नगर के युवा भाजपाईयों के साथ-साथ भाजपाईयों ने भी नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष को ढेरों शुभकामनायें और बधाईयां दी। अध्यक्ष पद की घोषणा पश्चात् नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष ने सांसद विजय बघेल से भेंट कर उनका शुभ आशीर्वाद लिया, इस अवसर पर कुम्हारी के मनोज वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी मर्यादित कुम्हारी, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, गोल्डी गोस्वामी, रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, मिथिलेश यादव, अनुराग गुप्ता, राजकुमार सिंह तथा अनेक वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# बाबा गुरु घासीदास का संदेश आज भी प्रासंगिक हैं : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के ग्राम कुम्ही में बाबा गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रात्रि प्रेम आनंद चौहान के विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान नेता और सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने कहा, बाबा गुरु घासीदास जी ने सत्य, अहिंसा और समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनके विचार समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। उन्होंने समाज में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील करते हुए सभी ग्रामवासियों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में शामिल अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी योगेश तिवारी के विचारों की सराहना की। तिवारी ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और इस तरह के आयोजनों को सामाजिक एकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस भव्य आयोजन में सरपंच मनीष टंडन, दाऊ रोशन लाल वर्मा, प्यारेलाल पात्रे, शीशकुमार भारती, सेर सिंह डेहरे, बलदाऊ डेहरे, राजेंद्र टंडन, सेवक दिवाकर, धन्नू दास पात्रे, भगवान दास, लाला राम डेहरे शाटीदार, धनसाय पात्रे, शत्रुहन दास भारती भंडारी, कृष्णा भारती, गंगाधर पात्रे, हेमलाल दिवाकर, मनहरण टंडन, फलदास पात्रे, अंकल्हा कुर्रे, सूरजमल पात्रे, संतोष टंडन, सुखेलाल गेंद्रे, मकसूदन डेहरे, श्यामलाल डेहरे, नारायण टंडन, रामलाल डेहरे समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन और उनके आदर्शों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रेम आनंद चौहान के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन, वादन और नृत्य के माध्यम से बाबा घासीदास के संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। ग्रामवासियों ने बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर इस तरह के आयोजन के लिए आयोजन समिति और मुख्य अतिथि योगेश तिवारी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर योगेश तिवारी ने सभी को समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश के लिए मॉक टेस्ट परीक्षा लगातार तीसरे रविवार को सेजेस परपोड़ी में सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवोदय विद्यालय के लिए मॉक टेस्ट परीक्षा हेतु नवीन परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परपोड़ी विकासखण्ड साजा में नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा में कुल 90 परीक्षार्थी शामिल हुए। लक्ष्य जिला इकाई बेमेतरा के उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा एवं हिमाचल जंघेल शिक्षक के मार्गदर्शन में रोशन चंदेल शिक्षक, कुंभलाल वर्मा संकुल समन्वयक चेचानमेटा, जितेन्द्र कुमार साहू व्याख्याता, चुरावन दास मानिकपुरी व्याख्याता के सहयोग से सुचारु रूप से संपन्न हुआ। लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन द्वारा आयोजित यह नवोदय विद्यालय के लिए मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन लगातार तीसरे रविवार को सेजेस परपोड़ी में आयोजित हुआ है। आगामी 3 रविवार को एक और माक टेस्ट आयोजित होगी।

# सरस्वती शिशु मन्दिर कुम्हारी में मनाया गया गुरु घासी दास बाबा का जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी में गुरु घासीदास बाबा एवं महान गणितज्ञ निवास रामानुज का जन्मोत्सव मनाया गया। सम्पूर्ण राष्ट्र में रामानुज के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती माता, भारत माता, गुरु घासी दास बाबा की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पंथी नृत्य एवम स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वक्ता के रूप में पधारे लेखराम गेंड्रे एवं अश्वनी कुमार देशलहरे ने घासीदास बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप मे पधारे सुनील पटेल ने गणित दिवस की बधाई देते हुए बच्चों द्वारा बनाए गए गणित के विभिन्न मॉडलों की सराहना की। इस उत्सव कार्यक्रम मे नगर के गणमान्य गीतेश्वर साहू, राम बिहारी मिश्रा, आलोक दुबे, विशाल ताम्रकार सहित बड़ी संख्या मे अभिभावक, पूर्व छात्र, विद्यालय के आचार्यगण और भैया-बहन सम्मिलित हुए। बच्चो द्वारा गणित मेला के आयोजन में गणित मॉडल, साइंस मॉडल, सामाजिक मॉडल, बनाया गया। बहनों द्वारा रंगोली, चित्र कला एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया।

# एसपी ने गौ सेवको को किया सम्मानित, गौ सेवको द्वारा की जा रही कार्यो की सराहना

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू से गौ सेवा जीव सेवा समिति के सदस्यगण मिलकर गौ तस्करी को रोकने विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की। एसपी बेमेतरा गौ सेवको को कहा कि गौ तस्करी के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को सुचित करें व पुलिस का सहयोग करें, गौ तस्करो को पकडने के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना या मारपीट जैसी कोई घटना न हो इस पर विशेष ध्यान रखने कहा गया। पुलिस आप सभी के सहयोग के लिए है बेमेतरा पुलिस आपकी अपनी पुलिस है आपको जब भी पुलिस का सहयोग की आवश्यकता हो तत्काल पुलिस का सहयोग ले। साथ ही एसपी बेमेतरा ने गौ सेवको द्वारा की जा रही गौ सेवा और समाज सेवा की सराहना करते हुए गौ सेवको को सम्मानित किया। इस दौरान गौ सेवा जीव सेवा समिति से गौ सेवक हरीश चौहान, समाज सेवक कुश कश्यप, लक्ष्मण साहू, ओमप्रकाश साहू, नारायण कश्यप, गोपी जायसवाल, हिमांशु निर्मलकर, आकाश कुमार साहू, चतुर सिन्हा, आशीष कुमार साहू एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन सम्मान समारोह सह कुर्सी दौड़ का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत देवकर में सेक्टर स्तरीय महतारी वंदन सम्मान समारोह सह कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत देवकर के पार्षदगण, महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को शाल, श्रीफल और गुलाल से सम्मानित किया गया। गर्भवती माताओं की गोदभराई और बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार संपन्न किए गए। महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ और रस्सी खींचने जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री की पाती का वाचन किया गया और उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत हेतु सभी को शपथ दिलाई गई। बीते 13 दिसंबर को मुख्य मंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में अपनी सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों का रिपोर्ट कॉर्ड भी जारी किया। साथ ही मुख्य मंत्री साय ने 'विष्णु की पाती' का विमोचन किया। विष्णु की पाती के तहत प्रदेश के किसानों, मजदूरों और महिलाओं के नाम सीएम ने सन्देश भेजा है। इसी विष्णु की पाती का महिलाओं ने वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान कुपोषण के कारणों, उसके दुष्परिणामों और कुपोषण दर में कमी लाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने इस अवसर पर स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की सफलता में सभी पार्षदगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की दिशा में एक प्रभावशाली कदम सिद्ध हुआ।

# प्रिज्म संस्थान में दो दिवसीय इंटर कालेज खेल स्पर्धा लक्ष्य 2024 का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ‹ उतई
www.dailypioneer.com



प्रिज्म संस्थान महकाखुर्द में दो दिवसीय इंटर कालेज खेल स्पर्धा लक्ष्य 2024 का आयोजन का समापन हुआ। इस वार्षिक खेलकुद में खो-खो, कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि दिनेश नामदेव (निदेशक खेलकुद विभाग) हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से किया गया। शुभारंभ के अवसर पर रूपेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष प्रिज्म कॉलेज ने विजय मसाल उज्जवलित कर खिलाड़ियों को उत्साहवर्द्धित किया गया। डायरेक्टर ख्याति साहू ने, इस आयोजन का मकसद बताया एवं यह आश्वाशन दिया कि आने वाले सत्र में बास्केट बॉल ग्राउंड के साथ बास्केट बॉल खेल का आयोजन भी प्रिज्म में किया जाएगा। प्रतिस्पर्धा में दुर्ग जिले के 12 कॉलेजों से कुल 20 से ज्यादा टीमो ने भाग लिया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि कल्पना स्वामी संचालक शासकीय खेल दुर्ग की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने जीवन से प्राप्त ज्ञान को खिलाड़ियों के साथ बांटा, तथा उनको खेल के गुण सिखाए। वॉलीबॉल बालक विजेता बीआईटी कॉलेज दुर्ग, उपविजेता प्रिज्म कॉलेज, तथा खोखो में बालिका विजेता मैत्री कॉलेज, उपविजेता प्रिज्म कॉलेज, कबड्डी बालक विजेता प्रिज्म कॉलेज, उपविजेता मैत्री कॉलेज एवं कबड्डी बालिका विजेता प्रिज्म कॉलेज, उपविजेता मैत्री कॉलेज रहे। प्रथम विजेता को 3000/ और द्वितीय विजेता को 2000/ नकद राशि, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय लक्ष्य 2024 की समन्वयक डॉ सीमा कश्यप द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं उसका कार्यवाहन द्वारा किया गया। संपूर्ण खेलकुद प्रतियोगिता में बीआईटी कॉलेज, सीएसआईटी कॉलेज, अशोका कॉलेज, मैत्री कॉलेज शैलदेवी कॉलेज, प्रिज्म कॉलेज, अशोका आईटीआई एवं अन्य के छात्रों ने बढ़चढ़कर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समस्त प्रिज्म कॉलेज के सभी शिक्षक और कर्मचारी ने महत्त्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका निभाई।

## स्टाफ और नागरिकों को किया गया प्रशिक्षित...

# जिला चिकित्सालय में आग से बचाव के लिए अभ्यास का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला अग्निशमन बचाव दल द्वारा जिला चिकित्सालय कबीरधाम में आग से बचाव और आपदा प्रबंधन पर अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में चिकित्सालय के स्टाफ, छात्रों और नागरिकों को आग से बचने और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरएमओ जितेंद्र वर्मा, रक्तकोष प्रभारी डॉ. एस.के. शर्मा, डॉ. हर्षित टुवानी, डॉ. राघवेंद्र माथुर, डॉ. पूजा राज, रेडक्रॉस समन्वयक बालाराम साहू, के.आर. चंद्राकर, के. वासनिक, माया दुबे, स्मिता सीपी, जितेंद्र साहू, विवेक खाखा, मनीष कुमार गार्ड सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु

आग के प्रकार और उन्हें बुझाने की विधियां: विभिन्न प्रकार की आग को बुझाने के लिए एबीसी, सीओ2, फोम, जल-सोडा अग्निशामक यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई। आपातकालीन स्थिति में बचाव प्रबंधन में आग लगने की स्थिति में एसएनसीयू, आईसीयू में नवजात शिशुओं और मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। यहां पर हाइड्रेंट, हाजरील, डिलीवरी नली बॉक्स, शॉर्ट ब्रांच जैसे उपकरणों के उपयोग को प्रदर्शनों के माध्यम से समझाया गया। गैस सिलेंडर में आग से बचाव में जानकारी दी गई। गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बचाव के उपाय बताए गए। प्रशिक्षण दल का नेतृत्व प्रभारी के.के. श्रीवास्तव ने किया। टीम में शशि कपूर झारिया (लांस नायक), सुरेंद्र कुमार धुर्वे, घनश्याम शर्मा, गजेंद्र धुर्वे, नंदकुमार और रामजी ठाकुर शामिल रहे। इन सभी ने अभ्यास (मॉक ड्रिल) के माध्यम से आग बुझाने और आपात स्थिति में आवश्यक कार्रवाई के व्यावहारिक तरीके सिखाए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला चिकित्सालय स्टाफ और नागरिकों को आग से बचाव के आधुनिक उपायों और उपकरणों के सही उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया।

# विश्व ध्यान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के विश्वभर के 140 देशों में स्थित सेवाकेंद्रों छह हजार से अधिक सेवाकेंद्रों पर विश्व ध्यान दिवस एक साथ मनाया गया। बेमेतरा में विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सामूहिक रूप से योगाभ्यास, राजयोग अनुभूति का अभ्यास करते हुए लोगों को राजयोग मेडिटेशन का संदेश दिया गया। ब्रह्माकुमारीज़ की आध्यात्मिक शिक्षा का मुख्य आधार राजयोग ध्यान ही है। ध्यान को लेकर लोगों को जागरूक और प्रशिक्षित करने के लिए संस्थान अपनी स्थापना से ही सेवाएं प्रदान कर रहा है। प्रथम विश्व ध्यान दिवस पर बेमेतरा में ब्रह्माकुमारीज के प्रभु स्मृति भवन एवं वृद्धाआश्रम में विशेष ध्यान योग का आयोजन किया गया। सेवा केंद्र प्रभारी बी के शशि दीदी, समाज सेविका झामिन साहू, समाज सेवक ताराचंद माहेश्वरी एवं बी के सुमति बहन के सानिध्य में आयोजित ध्यान शिविर में संस्था के सदस्यों, स्थानीय लोग और प्रबुद्धजन शामिल हुए। इस अवसर पर बी के शशि दीदी ने राजयोग मेडिटेशन द्वारा वैश्विक सुख, शांति, आनंद और खुशहाली लाने में सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता पर बल दिया।

# छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहा है स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य योद्धाओं को किया सम्मानित, चिकित्सकीय संवर्ग के नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को बांटे नियुक्ति पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में तेजी से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मेडिकल कॉलेज रायपुर में कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में स्वास्थ्य योद्धाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया और चिकित्सकीय संवर्ग के नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कायाकल्प से सम्मानित संस्थाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों और स्वास्थ्य योद्धाओं को अपनी शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जब प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ होगा तभी हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ हो रही हैं। उन्होंने प्रदेश में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 11 लाख से अधिक लोगों के स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य अमले को बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि परिवेश की स्वच्छता के साथ ही अस्पताल की स्वच्छता भी बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत का संकल्प लिया था, उसमें अस्पताल की स्वच्छता को भी प्राथमिकता दी गई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सांसद रहने के रहने के दौरान मेरे दिल्ली स्थित निवास में इलाज के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजन मेरे आवास में ही रुकते थे। तब मेरे घर की व्यवस्था देख स्व. दिलीप सिंह जूदेव ने कहा था कि तुमने तो अपने घर को मिनी एम्स बना रखा है। अटल के कार्यकाल के दौरान रायपुर एम्स की जब स्वीकृति मिली तो वास्तव में छत्तीसगढ़ और आसपास के इलाकों के लाखों लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का रास्ता खुल गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवेदनशील नेतृत्व ने आम जनता के कारगर इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना तैयार की। गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक के इलाज की व्यवस्था हो गई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वो अपने वयोवृद्ध लोगों का कितना ख्याल रख पाता है। हमारे बुजुर्ग अपना पूरा जीवन समाज के लिए देते हैं और समाज का फर्ज है कि उनकी पूरी देखरेख करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के लिए भी पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का फोकस है कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी मिले। बस्तर के कुछ गाँव ऐसे भी थे जहां बरसों तक माओवादी हिंसा की वजह से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाया था। अब वहां स्वास्थ्य शिविर लग रहे हैं। लोगों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर बढिया़ हुआ है इसका असर मेडिकल टूरिज्म के रूप में दिख रहा है। छत्तीसगढ़ में भी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल्स में पड़ोसी राज्यों से भी मरीज आते हैं। हम लगातार छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य अधोसंरचना को बेहतर करने काम कर रहे हैं। आंबेडकर हास्पिटल में हम 700 बिस्तर अस्पताल भवन तैयार कर रहे हैं। इसके बाद यहां की क्षमता दो हजार मरीजों की हो जाएगी।छत्तीसगढ़ में मेडिकल कालेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में हमने चार मेडिकल कालेजों के भवन निर्माण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। हमारे हिंदी मीडियम के और ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा में किसी तरह की दिक्कत न आये, इसके लिए हम हिंदी माध्यम में मेडिकल की शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटें भी बढ़ाई गई हैं ताकि विशेषज्ञ डाक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में लिए गए बड़े निर्णय और अपने प्रयासों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने मेकाहारा में 700 बिस्तर अस्पताल की स्वीकृति, 4 नए मेडिकल कॉलेज भवन की स्वीकृति और बुनियादी स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री साय ने सुकमा जिले के चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट मिलने पर पूरे स्वास्थ्य अमले को बधाई दी और कहा कि हमारी सरकार में न केवल प्रदेश के बड़े शहरों तक बल्कि अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का काम जारी रखा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय है। उन्होंने पुरस्कृत होने वाले सभी संस्थाओं और स्वास्थ्य योद्धाओं को बधाई दी और कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अब स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो रही है। हमारे स्वास्थ्य केंद्र निजी संस्थान से मुकाबला कर रहे है। साव ने स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाभावना और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब कोई मरीज चिकित्सा उपरांत स्वस्थ होता है तो हमें अपनी पूरी व्यवस्था पर गर्व होता है और संतुष्टि मिलती है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं तेजी के साथ बढ़ रही है और इससे प्रदेश के लोग लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के लिए उत्सव का दिन है और प्रदेश भर के स्वास्थ्य योद्धा हमारे साथ है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल के अल्प समय में स्वास्थ्य सुविधाओं ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं, अधोसंरचनाओं के विस्तार सहित आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में जिला अस्पताल श्रेणी में प्रथम स्थान जिला अस्पताल बेमेतरा, द्वितीय स्थान जिला अस्पताल कोण्डागांव और कंसिस्टेंसी पुरस्कार जिला अस्पताल जगदलपुर को दिया गया। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में प्रथम स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला जिला जशपुर, द्वितीय स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया जिला कबीरधाम और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में प्रथम स्थान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजातलाब जिला रायपुर, द्वितीय स्थान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजकिशोरनगर जिला बिलासपुर को मिला। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागोडार जिला कांकेर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राहोद जिला जांजगीर चांपा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी जिला बेमेतरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा जिला रायपुर और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटईकेला जिला सरगुजा को दिया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से उप स्वास्थ्य केन्द्र तुमनार जिला बीजापुर, उप स्वास्थ्य केन्द्र मांगरी जिला सरगुजा, उप स्वास्थ्य केन्द्र कटीया जिला रायपुर, उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी जिला दुर्ग और उप स्वास्थ्य केन्द्र मीठ्ठुनवागांव जिला बिलासपुर को मिला है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 स्वास्थ्य योद्धाओं का सम्मान किया। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इसके साथ ही साय ने प्रदेश के टीबी से मुक्त हुए ग्राम पंचायतों को भी सम्मानित किया।



### छत्तीसगढ़ में टीबी मुक्त भारत अभियान पूरी मुस्तैदी से संचालित

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए शुरू किए गए अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग, उपचार और निदान के लिए किए जा रहे कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, विशेष सचिव स्वास्थ्य डॉ. प्रियंका शुक्ला और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रबंध संचालक विजय दयाराम के. उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में टीबी मुक्त भारत अभियान का संचालन पूरी मुस्तैदी के साथ किया जा रहा है। 7 दिसंबर को अभियान की शुरूआत के बाद अब तक 11 लाख 23 हजार 924 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों के बैंक खातों में पोषण आहार के लिए 1000 रूपए की राशि का भुगतान किया जा रहा है। टीबी मरीजों के पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में अब तक 10,447 निक्षय मित्र पंजीकृत हुए हैं। सुकमा जैसे दूरस्थ जिले में सभी 66 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि बस्तर अंचल के तोकापाल क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मी स्थानीय बोली हल्बी में गीत-संगीत के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। अभियान के तहत 963 निक्षय शिविर आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार तय समय में अभियान के लक्ष्य पूरे किए जाएंगे। अभियान में निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे टीबी मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। निजी क्षेत्र की भागीदारी एवं जन भागीदारी के तहत मॉलबाओ डायग्नोस्टिक्स द्वारा 2 हेंड हेल्ड एक्स-रे मशीन और 2 ट्रू-नॉट मशीन, मोबाइल यूनिट्स में उपयोग किए जा रहे हैं। इस वाहन का उपयोग निक्षय वाहन के रूप में किया जा रहा है।

# मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गाँधी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चो को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों द्वारा अपने व् अन्य स्कुलो में जाकर दुसरे बच्चो को प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही पालको को भी जानकारी देंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 12 अप्रैल 2024 से 21 दिसंबर 2024 तक विकासखंड नगरी, धमतरी, कुरूद एवं मगरलोड के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राएं एवं शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमे धमतरी के बठेना स्कूल एवं विकासखंड कुरूद के ग्राम चरमुडिया व ग्राम अंवरी के शासकीय माध्यमिक शाला तथा विकासखंड मगरलोड के भैंसमुंडी स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल से कुल 175 छात्र-छात्राएं को मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमे मानसिक स्वास्थ्य हमारे रोजमर्रा के अनुभवा का हिस्सा है, शारीरिक स्वास्थ्य की तरह, हम सभी के पास मानसिक स्वास्थ्य है, अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, अपनी भावनाओ को कैसे नियंत्रित और अभिव्यक्त करते है जिसका हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पडता है इत्यादि की जानकारी दी गई। बच्चो में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओ को समझना जैसे बुलइंग, हिंसा, आर्थिक परेशानी, शैक्षाणिक समस्याए, नशीले पदार्थ का उपयोग, परिवार का साथ छुट जाना, शारीरिक बिमारी इत्यादि के बारे में बताया गया। कलेक्टर गांधी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं यूनिसेफ के सहयोग से स्कूल के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित कार्यशाला में मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए किशोरों में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं एवं उपाय के बारे में विभिन्न खेल व एक्टिविटीज जैसे सांप सिढी का खेल, भावना चक्र, भावनात्मक पाबंधी सहित आत्म जागरूकता कहानी बताई जा रही है। उक्त गतिविधियों एवं खेल के माध्यम से बताया गया।

# कृष्णा वर्मा के जीवन में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का योगदान

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





चेहरे पर लौट आई मुस्कान

बेमेतरा शहर के कृष्णा वर्मा, उम्र 12 वर्ष, एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उन्हें क्रोनिक किडनी डिजीज स्टेज-5 से ग्रसित पाया गया, जिसके चलते उन्हें तत्काल किडनी के इलाज की आवश्यकता थी। उनके पिता दिनेश वर्मा, जो एक मिस्त्री का कार्य करके अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं, आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं थे कि बेटे का महंगा इलाज करा सकें। परिवार में कुल 5 सदस्य हैं, जिनमें उनकी दो बेटियां भी हैं। कृष्णा की हालत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही थी। परिवार के लिए यह एक बेहद कठिन समय था। इलाज के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता थी, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति ने उन्हें असहाय बना दिया। तभी उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में जानकारी मिली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बेमेतरा के मार्गदर्शन में इस योजना के अंतर्गत कृष्णा वर्मा के इलाज के लिए 6 लाख 53 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई। यह राशि उनके इलाज के लिए संजीवनी साबित हुई। जून 2024 में कृष्णा का किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा हुआ, और अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। कृष्णा के पिता दिनेश वर्मा ने इस योजना का लाभ मिलने पर गहरी राहत महसूस की। उनका कहना था कि यदि यह आर्थिक सहायता न मिली होती, तो उनका बेटे का इलाज कराना उनके लिए असंभव था। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और इस योजना के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उनका मानना है कि इस योजना ने न केवल उनके बेटे को नया जीवन दिया, बल्कि उनके परिवार को आर्थिक संकट से भी बचा लिया। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना ने कृष्णा वर्मा जैसे कई जरूरतमंद परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उनकी जिंदगी बदल दी है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को जीवन रक्षक इलाज मुहैया कराना सरकार की एक अत्यंत सराहनीय पहल है। दिनेश वर्मा जैसे गरीब और मेहनतकश व्यक्ति के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। कृष्णा वर्मा की यह सफलता कहानी यह साबित करती है कि सही समय पर मिली सरकारी सहायता और सामूहिक प्रयास किसी की भी जिंदगी बदल सकते हैं। अब कृष्णा न केवल स्वस्थ जीवन जी रहे हैं, बल्कि उनके परिवार के चेहरे पर भी मुस्कान लौट आई है। यह कहानी सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने की एक प्रेरणादायक मिसाल है।

# आयुर्वेद पद्धति व होम्योपैथी पद्धति से मरीजों का ईलाज व निःशुल्क दवाई वितरण




पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में पंचकर्म क्रिया के द्वारा रोगियों को ईलाज करके निःशुल्क औषधि वितरण किया जा रहा है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए जिले में आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित आयुष पॉलीक्लीनिक, आयुषविंग, थेरेपी सेंटर, आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधालय, सी.एच.सी., पी.एच.सी. में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी संस्था संचालित की जा रही है। साथ ही जिले में संचालित 07 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में कुल 1960 हितग्राहियों को योगाभ्यास कराया गया। आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत माह नवम्बर 2024 में कुल 13920 रोगियों को औषधि वितरण कर निःशुल्क उपचार किया गया है। साथ ही पंचकर्म क्रिया में नाड़ी स्वेद, सर्वांग स्वेद, नस्य एवं शिरो धारा के द्वारा 614 रोगियों की चिकित्सा की गई, विभाग द्वारा मुख्य रूप से जीर्ण वात व्याधि, ज्वर, संधिवात, त्वक विकार, गृध्रसी, जीर्ण श्वास रोग, दौर्बल्यता, जीर्ण कास रोग एवं उदर रोग की सफ्लता पूर्वक चिकित्सा की गई। हाट-बाजार के 3027 रोगी एवं सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से 1877 रोगियों की चिकित्सा की गई। इसके साथ ही सूचना, शिक्षा एवं संचार के माध्यम से पाम्पलेट द्वारा भी लोगो को अधिक संख्या में आयुष चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार हेतु सफलता पूर्वक जागरूक किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड कांसाबेल के बाजारडांड़ शब्दमुण्डा में विगत दिवस 09 दिसम्बर को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर कर कुल 430 हितग्राही को लाभान्वित किया गया है। जिसमें पुरूष 159, महिला 138, बालक 62 एवं बालिका 71 का ईलाज कर निःशुल्क कर औषधि प्रदान की गई तथा विकासखण्ड जशपुर अन्तर्गत बाजारडांड़ पोरतेंगा में 12 दिसम्बर 2024 को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर कर कुल 490 हितग्राही जिसमें पुरूष 241 महिला 183 बालक 35 बालिका 31 का ईलाज कर निःशुल्क औषधि प्रदान की गई एवं विकासखण्ड मनोरा अन्तर्गत बाजारडांड़ मनोरा में 13 दिसम्बर 2024 को निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर कर कुल 434 हितग्राही जिसमें पुरूष 130 महिला 150 बालक 97 बालिका 57 का ईलाज कर निःषुल्क औषधि प्रदान कर जनसामान्य को लाभ दिया गया।

# जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा जिला स्तरीय नि :शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com




आयुष संचालनालय के निर्देशानुसार शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय रायगढ़ में जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर जानकी काटजू, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल उपस्थित थे। आयुष स्वास्थ्य शिविर में 792 रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया। जिसमें 120 रोगियों का होम्योपैथी पद्धति एवं 672 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से उपचार किया गया। वहीं 230 लोगों का रक्त परीक्षण कर सभी लोगों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु काढ़ा पिलाया गया। महापौर जानकी काटजू ने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की महत्ता और इसकी बढ़ती लोकप्रियता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा पद्धति है, जो न केवल बीमारियों का इलाज करती है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करती है। उन्होंने जनसामान्य से आयुर्वेदिक उपचार और औषधियों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि आयुर्वेद के जरिए न केवल रोगों का उपचार संभव है, बल्कि यह मानव शरीर को रोग-प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे उनके जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरणा देता हैं। आयोजित शिविर में ज्यादातर बात रोग, आमवात, गठिया बात, जानुशूल, कटिशुल, दौरबल्य, शीरशुल, उदर रोग, चर्म रोग, मूत्र रोग, अर्थ, प्रतिशयाय, श्वास, कास, ज्वर मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्त्री रोग, नेत्र रोग, कान रोग, गला रोग, खून की कमी इत्यादि प्रकार के रोगियों का निःशुल्क उपचार कर औषधि प्रदान किया गया। मौके पर डॉक्टर प्रशांत सक्सेना ने प्रकृति परीक्षण के बारे में जानकारी दी तथा पंचकर्म चिकित्सा की महत्ता, मिलेट्स की महत्ता, नशामुक्ति संबंधित लोगों को जानकारी दी। शिविर में उच्चरक्त चाप से बचाव, मधुमेह से बचाव, रक्तलपता, बात रोग, जरा रोग, योग, रोग एवं योग मानसिक, शान्ति के पंपलेट बाटकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ.अश्विनी शर्मा, डॉ.अंबुवानी, डॉ.मीरा भगत, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ.देवाशीष राय चौधरी, डॉक्टर विभा, डॉ. प्रशांत सक्सेना, डॉ. सुभाष झा, डॉ. अजय नायक, डॉ.नरसिंह पटेल सहित अन्य डॉक्टर एवं आयुष विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री नेशनल होम्योपैथी सेमिनार में शामिल हुए

# होम्योपैथी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर रोगों को ठीक करने में सक्षम : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




सैकड़ो किताबें पढ़ने से जो ज्ञान नहीं मिल पाता वो विशेषज्ञों के वक्तव्य से मिल जाता है। जिन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी प्रैक्टिस में लगाई, रोगों को समझने, उसके इलाज में लगाई सेमिनार के जरिए उनका अनुभव सुनने को मिलता है। लोगों के बीच भ्रांति है कि होम्योपैथी जल्दी असर नहीं करती, लेकिन ऐसा नहीं है। होम्योपैथी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर रोगों को ठीक करने में सक्षम है। होम्योपैथी में बिना साइड इफेक्ट के सस्ते में अच्छा इलाज उपलब्ध है। बस हमें इसे प्रचारित करने की आवश्यकता है।

उक्त बाते मेडिकल स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने रायपुर के सिंधु पैलेस में होम्योपैथी रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित नेशनल होम्योपैथी सेमिनार में कही। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। राजधानी रायपुर के सिंधु पैलेस में होम्योपैथी रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित नेशनल होम्योपैथी सेमिनार में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री साव ने सेमिनार की सफलता के लिए एसोसिएशन को बधाई दी। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती और भगवान राम का ननिहाल है। यहां की संस्कृति, परंपरा की अलग पहचान है, सांस्कृतिक, पौराणिक और ऐतिहासिक रूप से छत्तीसगढ़ का उल्लेख मिलता है। यहां भोलेभाले, ईमानदारी और मेहनती लोग हैं। साव ने कहा कि हम भी चाहते हैं कि हमारे हॉस्पिटल में होम्योपैथी डॉक्टर हों। छत्तीसगढ़ में एक अच्छा रिसर्च सेंटर और मेडिकल कॉलेज हो। उन्होंने कहा कि देश के अच्छे रिसर्च एवं मेडिकल संस्थान का अध्ययन करके हम छत्तीसगढ़ में भी होम्योपैथी का एक अच्छा मेडिकल कॉलेज और रिसर्च सेंटर छत्तीसगढ़ बनाने का मजबूत प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने सेमिनार को सम्बोधित करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा के बारे में लोगों के मन में एक धारणा बनी हुई है, लोग जान एलोपैथी के इलाज से थक जाते हैं तब वह होम्योपैथी की ओर आते हैं। होम्योपैथी, नैचुरोपैथी, एलोपैथी सभी के बीच होम्योपैथी का अपना महत्व है। हमें होम्योपैथी का लाभ तात्कालिक और लम्बे समय तक मिल सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को विकास और विस्तार हमारा उद्देश्य है। विष्णु देव साय की सरकार में घोषणाएं और काम दोनों होते हैं। इस मौके पर पवन साय, डॉ सुनील कुमार दास, डॉ विजय शंकर मिश्रा, डॉ संजय शुक्ला, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप के. पात्रा, डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. सुशील हरी रमानी, डॉ. धीरेंद्र तिवारी समेत एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# आईसीएफएआई विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति में द्वितीय गौरवपूर्ण दीक्षांत समारोह सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी रायपुर के होटल बेबीलोन कैपिटल में अपना दूसरा गौरव शाली दीक्षांत समारोह संपन्न किया। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डॉ. आर.पी. कौशिक, पूर्व भारतीय राजदूत तुर्कमेनिस्तान, कुलपति प्रो. डॉ. सत्य प्रकाश दुबे, डीन अकादमिक्स डॉ. के. किशोर कुमार एवं रजिस्ट्रार डॉ. मनीष उपाध्याय, आईसीएफएआई विश्व विद्यालय रायपुर के शासी निकाय के सदस्य गणमान्य नागरिक, स्नातक छात्रों एवं उनके माता-पिता साथ में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने का अवसर मिलने पर आभार व्यक्त किया। इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, वाणिज्य और कानून के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्यपाल ने नव स्नातकों को बधाई दी, जिन्होंने अपने कठोर परिश्रम और दृढ़ता से अपनी शैक्षणिक खोज में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने आगे कहा कि आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है जो कई वर्षों से शिक्षा के विभिन्न शाखाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान ने कई कठिनाइयों और चुनौतियों के बावजूद अपनी वर्तमान स्थिति को प्राप्त करने में सफलता पाई है, जिसमें योग्य संकाय सदस्य हैं और मुख्यधारा के इंजीनियरिंग विषयों और अन्य पाठ्यक्रमों में 400 से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। मुख्य अतिथि ने बच्चों के शैक्षणिक प्रयासों के संबंध में उनके माता-पिता के प्रेरणादायक समर्थन के लिए भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि वास्तविक दुनिया में किसी व्यक्ति का प्रदर्शन हमेशा अर्जित ज्ञान और कौशल का कुशलतापूर्वक उपयोग करने की उसकी क्षमता पर निर्भर करता है। उन्होंने युवा छात्रों से संस्थान द्वारा प्रदान किए गए सभी अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया और कहा कि सीखना एक अनंत प्रक्रिया है।

और जब वे अपने ज्ञान को लागू करने और आगे बढ़ने के लिए योगदान देने और हमेशा रचनात्मक परिवर्तन लाने का अवसर प्राप्त करते हैं तो कोई क्या सीखता है यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी स्नातकों से समाज के उत्थान के लिए काम करने, अपनी मान्यताओं को मजबूत करने और सफलता प्राप्त करने मूल शोध के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर ने पीजी, यूजी और डिप्लोमा छात्रों को लगभग 400 डिग्री प्रदान की, साथ ही विभिन्न विभागों के मेधावी छात्रों को 21 स्वर्ण पदक और 18 रजत पदक प्रदान किए, जिन्होंने वर्ष 2023-24 में स्नातक किया है। अपने संबोधन में कुलपति डॉ. सत्य प्रकाश दुबे ने सभी सम्मानित गणमान्य अतिथियों को उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्थापना के पश्चात् विश्वविद्यालय की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्नातकों के भविष्य को आकार देने और नवाचारों के साथ राष्ट्र की सेवा करने और परिवर्तन लाने के लिए अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं क्योंकि वे केवल पूर्व छात्रों का हिस्सा नहीं हैं बल्कि संस्थान के मशालवाहक और राजदूत हैं। विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक्स डॉ. के. किशोर कुमार ने उत्तीर्ण छात्रों को उनकी पेशेवर और राष्ट्रीय भूमिकाओं के लिए अपनी प्रतिष्ठित डिग्री को बनाए रखने की गंभीर प्रतिज्ञा लेने की बात कही कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. मनीष उपाध्याय ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद दिया और सभी स्नातक छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत मे सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया पश्चात राष्ट्रगान के साथ आई सी एफए आई के प्रतिष्ठित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती पाकर महिलाएं हुई खुश



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसके साथ ही हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का महतारी वंदन योजना की पाती भी दिया गया। बगीचा विकास खंड के ग्राम पंचायत सरडीह में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत दुर्गा पार,मैनी, विमड़ा,पेटा ग्राम पंचायत में महतारी वंदन सम्मान समारोह कार्यकम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित थे।

## नवीन शिक्षक संघ जिला कांकेर ने सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** नवीन शिक्षक संघ जिला कांकेर ने संयुक्त संचालक बस्तर संभाग को एस डी एम भानुप्रतापपुर के द्वारा ज्ञापन दिया कि सहायक शिक्षक से पद्दोन्नती होने के बाद जो प्रधान पाठक के पद शेष रह गये हैं। उनको प्रतिक्षा सूची से सहायक शिक्षक की पद्दोन्नती कर सभी रिक्त पदों की भर्ती की जाये। पद्दोन्नती प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू हो आचार संहिता के लगने से पहले पद्दोन्नती प्रक्रिया हो। बाकी साथियों को सहायक शिक्षक से शिक्षक के लिए वरिष्ठता सूची निकाल कर प्रक्रिया प्रारंभ की जाये।

# तहसीलदार किशोर वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में मतदान दलों का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन, नगर पंचायत लवन के लिए मतदान दल 80 लोगों को प्रथम प्रशिक्षण पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल लवन में रविवार को दिये गए हैं गौरतलब हो कि प्रशिक्षण सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। रिटर्निंग ऑफिसर अमित गुप्ता एसडीएम बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर किशोर कुमार वर्मा, तहसीलदार लवन, प्रणव प्रधान, सीएमओ नगर पंचायत लवन की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।

# अ.भा.विद्युत टेबल टेनिस में छत्तीसगढ़ उपविजेता टीम इवेंट में रजत, सिंगल्स एवं डबल्स में कांस्य

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



46वीं अखिल भारतीय विद्युत पुरूष टेबल टेनिस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी को उपविजेता बनने का गौरव मिला है । छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। 19-21 दिसंबर 2024 को लखनऊ में आयोजित इस टूर्नामेंट मे 9 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक जिनको, कर्नाटक ट्रांसको , पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल की स्टेट पॉवर यूटिलिटीज की टीमों से मुकाबला कर छत्तीसगढ़ की टीम ने टीम इवेंट में रजत, सिंगल्स एवं डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव (आई.ए.एस.) ने टीम को बधाई दी। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ टीम के पांच खिलाड़ी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया।टीम इवेंट के फाइनल मैच में रजनीश ओबेरॉय, समीर तिवारी, टी. पी सिंह, प्रशांत बापट व अनुराग शर्मा ने मुकाबला किया। टीम के मैनेजर सागर पिंपलापुरे एवं कोच संजीव केशकर ने बताया कि पिछले साल छत्तीसगढ के खिलाड़ियों ने टीम इवेंट व सिंगल्स में ही जीत हासिल की थी परंतु इस वर्ष डबल्स में भी टीम ने खिताब जीता है। यह हमारे लिए विशेष उपलब्धि है। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार (आई.ए.एस.) के मुख्य आतिथ्य में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

# कन्या कौशल शिविर एवं 9 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

बसना के गायत्री मंदिर में कन्या कौशल शिविर एवं 9 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पांच दिवसीय 22 से 26 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। जिसमे 15 से 40 वर्ष तक की बहन बेटियों को जीवन जीने की कला का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे वे अपने घर को स्वर्ग बनाकर परम पूज्य गुरुदेव के उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग के अवतरण को साकार करेंगी। आयोजन के पहले दिन माताओं और बहनों द्वारा नगर में रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में माताएं बहने शामिल रही।

# समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा आगामी 9 फरवरी को प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की त्रैमासिक बैठक श्री महामाया देवी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक के विषय में जानकारी देते हुये संगठन की प्रदेश सचिव अर्चना दीवान एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. आरती उपाध्याय ने बताया है कि प्रतिवर्ष अनुसार आगामी 2025 में 9 फरवरी को श्री महामाया देवी मंदिर सत्संग भवन में प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपनयन संस्कार के अंतर्गत 51 ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार करवाया जायेगा। संगठन द्वारा उपनयन संस्कार के इस आयोजन का यह चौथा वर्ष है। 16 संस्कारों के अंतर्गत आने वाले इस दसवें संस्कार को यज्ञोपवित या जनेऊ संस्कार के नाम से भी जाना जाता है। इस संस्कार में बालक को पूरे विधि विधान के साथ जनेऊ धारण करवाया जाता है। प्राचीन धर्म ग्रंथों में यह कहा गया है कि इस संस्कार के बाद बालक को वेदों के अध्ययन करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है। बैठक में संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पं. शैलेन्द्र रिछारिया एवं मातृशक्ति परिषद् की प्रांत प्रमुख प्रमिला तिवारी ने उपस्थित संगठन सहयोगियों से आयोजन संबंधी व्यवस्था की जानकारी प्रदान करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये प्रभारियों को प्रभार सौंपा।

# कलेक्टर ने ग्राम घुघरी और सराईटोला का निरीक्षण किया



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने विगत दिवस आगामी 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संभावित दौरे को लेकर बगीचा विकासखंड के गांव घुघरी फरसाबहार विकासखंड के ग्राम सराईटोला का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तैयार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल,विद्युत आपूर्ति बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर फरसाबहार एसडीएम आर एस लाल अधिकारी और कर्मचारी सुनील गुप्ता उपस्थिति थे।

# बगीचा, मनोरा और कुनकुरी में विभिन्न कार्यक्रम का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के तहत और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक साल शानदार पूरे होने के अवसर पर सभी विकास खंड में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कुनकुरी विकास खंड के ग्राम कंडोरा और मनोरा , बगीचा विकास खंड में कृषि विभाग, उद्यान विभाग के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी, रीना बाखला, पद्मश्री जागेश्वर यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जगन राम कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष रामजी भगत, जनपद पंचायत सदस्य सुमित्रा सलाम,प्यारो बाई बी सीडी एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।

## स्वच्छता दीदियों ने सुन्दर रंगोली उकेरकर जन-जन को दिया सुशासन दिवस का सकारात्मक सन्देश

# रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने आमजनों को दिलवाई सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक सुशासन सप्ताह पर विविध सकारात्मक गतिविधियां नगर पालिक निगम रायपुर के क्षेत्र में की जा रही है। सभी जोन कार्यालयों में अधिकारी एवं कर्मचारीगण सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ ले रहे है एवं राज्य शासन के निर्देश पर रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशन में सुशासन सप्ताह 19 से 24 दिसम्बर तक विविध सकारात्मक गतिविधियां करने सभी जोन कार्यालयों में सुशासन कार्यशाला की जा रही है, जिसमें जोन कमिश्नर द्वारा सुशासन सप्ताह की विविध सकारात्मक गतिविधियों की जानकारी देकर जोन अधिकारी एवं कर्मचारीगण को निर्देश दिए जा रहे है। स्वच्छता दीदियों ने सुन्दर रंगोली उकेरकर जन-जन को सुशासन दिवस का सकारात्मक सन्देश दिया एवं सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ ली। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत एवं निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य सुन्दर लाल जोगी, पार्षद मधु चंद्रवंशी ने सुशासन सप्ताह के अवसर पर आमजनों को सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ दिलवाई। नगर निगम रायपुर के सभी जोनों के अंतर्गत वार्डों में आमजनों द्वारा सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ ली गयी। रामनगर, कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, चौबे कॉलोनी दशहरा मैदान गार्डन, डीडी नगर सेक्टर -4, संतोषी नगर खमतराई सहित विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, उद्यानों में आमजनों द्वारा सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ ली।

# महादेव सट्टा ऐप कांड में भूपेश बघेल को कांग्रेस से बाहर किया जाना चाहिए : इमरान

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



जोगी परिवार से विगत 18 वर्षों से साथ खड़े रहे जोगी समर्थक इमरान मेमन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि अंतागढ़ उप चुनाव के दौरान हुए टेप कांड में जोगी परिवार को साजिश के तहत फंसाया गया था और सी.डी. की सत्यता साबित होने के पहले ही कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष भूपेश बघेल ने जोगी परिवार को बाहर का रास्ता दिखाने अनुशंसा कर दिया था, अब महादेव सट्टा ऐप मामला में 508 करोड़ रुपए की कमीशनखोरी पर केस दर्ज होने के बाद भूपेश बघेल को कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए था लेकिन कांग्रेस ने कार्यवाही नहीं की है, जोगी परिवार को अंतागढ़ टेपकांड के जरिए षड्यंत्र रचा कर बदनाम किया गया था, नये समीकरण के अनुसार अब जोगी परिवार अपनी जनता कांग्रेस को कांग्रेस में विलय करना चाहती है, आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का सुपड़ा साफ होता है तो जोगी परिवार पर आरोप थोप कर हाईकमान को विश्वास में लिया जाएगा की जोगी परिवार को वापसी लेने के कारण कांग्रेस को हार का सामना करना है, जोगी परिवार के कट्टर समर्थक इमरान मेमन ने कहा है कि जब तक महादेव सट्टा ऐप मामला में बघेल का फैसला नहीं आ जाता तब तक जोगी परिवार को वापसी नहीं करनी चाहिए, बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में शराब घोटाला, कोयला घोटाला, महादेव सट्टा कांड हुआ है और इस कारण ही विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है, बघेल को बचाने पुरी कांग्रेस जुटी हुई है जबकि उनकी छबि पहले की तरह नहीं बची हुई है।

# बाबा गुरु घासीदास ने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है: उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा विकासखंड के ग्राम घोटिया, नेवारी और ग्राम महाराजपुर में संत गुरू घासीदास मंदिर और जैतखाम में फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की। उन्होंने संत गुरू बाबा घासीदास का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट मुलाकात की और सभी का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने ग्राम नेवारी में सड़क निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और स्व सहायता समूह की दीदियों के महतारी सदन के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, कैलाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखे-मनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। उन्होंने घासीदास के संदेश के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु जी ने अपने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बांधने और आपसी भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गांव के विकास कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके लिए गांव में विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य ग्रामीणों की भागीदारी से पूरे किए जाएं, ताकि स्थानीय जरूरतों और प्राथमिकताओं का ख्याल रखा जा सके। उन्होंने बताया कि नए सरकार बनने के बाद ग्राम नेवारी में 65 आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही 95 और आवास स्वीकृत किए जाएंगे, जिससे गांव के लोगों को पक्के मकान का सपना पूरा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि गांव में 2 लाख रुपया रंगमंच निर्माण के लिए, 51 लाख 24 हजार रूपए मिनी स्टेडियम के निर्माण के, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख, मध्याह्न भोजन के लिए 5 लाख, सी सी रोड के लिए 20 लाख रुपया, और आंगनबाड़ी भवन के लिए 8 लाख रुपया विकास के लिए स्वीकृत किया गया है।

# देश हित में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों का फिर से हो प्रयोग

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




यह हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश बलरामपुर जिले और रामानुजगंज शहर के लिए गौरव की बात है की। लोक स्वराज नगर रामानुजगंज की घटनाओं पर आधारित फिल्म प्रयोग को गोवा फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ संदेश प्रदाता फिल्म का सम्मान प्राप्त हुआ है। यह प्रयोग फिल्म हमारे बलरामपुर जिले के कलाकारों ने मुंबई के फिल्म निर्माता गोविंद मिश्रा के निर्देशन में बनाई है और इस फिल्म की कहानी बुलंदशहर के नरेंद्र सिंह ने लिखी है। यह कहानी गांधी विचारों पर आधारित है लेकिन रामानुजगंज शहर की घटी हुई सत्य घटनाओं को ऐतिहासिक संदेश देती है। इस पूरी फिल्म में कोई भी कथानक अ सत्य नहीं है फिर भी यह पूरे भारत के लिए एक पहला प्रयोग है जब कोई इस तरह का राष्ट्रीय संदेश देने वाली फिल्म को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। मैं अपने कलाकारों कहानी लेखक और निर्देशक को इस सफलता के लिए बधाई देता हूं।

**परक फिल्म अवार्ड का मिला सम्मान**

मदारी आर्ट्स के द्वारा निर्मित निर्देशक गोविंद मिश्रा की फिल्म को वर्ष का बेहतरीन संदेश परक फिल्म के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सर्व विदित हो कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित हमें सुराज्य नहीं स्वराज्य चाहिए का संदेश देती हुई फिल्म प्रयोग 2 अक्टूबर 2024 को मदारी आर्ट्स के यूट्यूब चैनल पर रिलीज की गई है, जिसका पूरे देश में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इस फिल्म का प्रचार एक रथ बनाकर अंबिकापुर सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर, धमतरी, रायगढ़ एवं देश के कई शहरों में जैसे कि बनारस, अयोध्या, लखनऊ, नई दिल्ली, गुड़गांव, मथुरा,आगरा, वृंदावन, प्रयागराज, मिर्जापुर, रांची, औरंगाबाद, पटना, समस्तीपुर, भागलपुर, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण एवं नेपाल के कई स्थानों पर भी प्रचार किया गया है। यह फिल्म इस बात का संदेश देती है कि आजादी के 78 साल के बाद हमारे देश ने तो भौतिक उन्नति बहुत किया लेकिन उसी गति से हमारे देश में चोरी, डकैती, गुंडागर्दी, बलात्कार, हत्या, आतंकवाद, नक्सलवाद जैसी चीजे बढ़ी है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि हमारे देश के सिस्टम में कुछ ना कुछ गड़बड़ी है और इसे सुधारने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों का फिर से प्रयोग होना चाहिए।

# डॉ. मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कलेक्टर राहुल, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल और जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने किया। उन्होंने जिला स्तर खेल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और बेहतर खेल का प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। युवा उत्सव में लोक नृत्य, लोक गीत, तात्कालिक भाषण, चित्रकला, कविता, कहानी, विज्ञान मेला प्रतियोगिता और महिला खेल अंतर्गत एथलेटिक्स, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती, फुटबॉल, वेटलिफिटग, रस्साकसी आदि का आयोजन किया गया। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पाल ने बताया कि युवा उत्सव अंतर्गत लोकनृत्य दलीय में पथरिया प्रथम व लोरमी द्वितीय, लोकगीत एकल में पथरिया प्रथम, मुंगेली द्वितीय व लोरमी तृतीय, लोकगीत दलीय में लोरमी प्रथम स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में लोरमी से पूर्णिमा जायसवाल प्रथम, मुंगेली से आकांक्षा सोनवानी द्वितीय एवं पथरिया से लोमश ऋषि तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम स्थान मुंगेली से मौली केशरवानी, द्वितीय स्थान लोरमी से तुलसी केंवट, तृतीय स्थान पथरिया से शिखा यादव, कहानी लेखन में पथरिया से लोमश ऋषि प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान ठगिया सिंगरौली, कविता में लोरमी से श्रद्धा उइके प्रथम, लोरमी से पूर्णिमा जायसवाल द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह महिला खेल अंतर्गत 100 मीटर दौड़ में 0 से 18 वर्ष आयु की बालिका वर्ग में सुभाषिनी प्रथम, बबिता ध्रुव द्वितीय, ज्योति राजपूत तृतीय, 19 से 35 वर्ष आयुवर्ग में खुबन निषाद प्रथम, गिरिजा साहू द्वितीय, 400 मीटर दौड़ 0 से 18 वर्ष आयुवर्ग में सुभाषिनी प्रथम, बबिता ध्रुव द्वितीय, इन्द्राणी नेताम तृतीय, 19 से 35 वर्ष आयुवर्ग में हितेश्वरी पटेल प्रथम, गिरिजा साहू द्वितीय, तवा फेंक 0 से 18 आयु की बालिका वर्ग में प्रथम स्नेहा बारले, दीप्ती राजपूत द्वितीय और इन्द्राणी तृतीय, 19 से 35 वर्ष आयुवर्ग में राधा यादव प्रथम, दुर्गा मरावी द्वितीय, अंकिता राजूपत तृतीय, वेटलेफिटग में 40 किलोग्राम में प्रतिक्षा राजपूत प्रथम, 45 किलोग्राम में अमिता राजपूत, कुश्ती 50 किलोग्राम में राधिका राजपूत, 53 किलोग्राम में आंचल राजपूत, फुटबाल 0 से 18 आयुवर्ग में खेलो इंडिया सेंटर मुंगेली प्रथम, लोरमी द्वितीय, खो-खो 0 से 18 वर्ष में लोरमी टीम विजेता रही, मुंगेली टीम उपविजेता रही। 19 से 35 आयुवर्ग में विजेता मुंगेली व उपविजेता पथरिया, व्हालीबॉल में प्रथम स्थान मुंगेली टीम, द्वितीय स्थान पथरिया टीम, 19 से 35 आयु वर्ग में प्रथम स्थान लोरमी टीम एवं द्वितीय मुंगेली टीम ने प्राप्त किया। बैडमिंटन में 0 से 18 आयुवर्ग तान्या प्रथम, रेशमी ध्रुव द्वितीय और शिमला साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। 18 से 35 आयुवर्ग में चांदनी देवागंन प्रथम, दीपांजली द्वितीय, तुलसी तृतीय स्थान, रस्साकसी में 09 से 18 आयुवर्ग की प्रथम स्थान लोरमी, पथरिया द्वितीय एवं मुंगेली तृतीय, 18 से 35 वर्ष में प्रथम स्थान पथरिया, द्वितीय मुंगेली ने प्राप्त किया। विज्ञान मेला समूह में सेजेस दाऊपारा मुंगेली से नागेंद्र टंडन प्रथम, आकांक्षा सोनवानी द्वितीय और मोनिका राजपूत तृतीय, एकल में पथरिया से शकुंतला प्रथम, निशा राकेश द्वितीय और लोरमी की देवकी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी में पंकज यादव प्रथम, विनय कुमार द्वितीय और कुशल यादव तृतीय रहा। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मेडल और बिलासपुर नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी डॉ. दिनेश यादव की ओर से 07 विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप 60 हजार 500 रूपए नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही डॉ. यादव द्वारा कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

# नियुक्त मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने किया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी मुंगेली जिले में सम्पन्न मंडल अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मुंगेली विधानसभा के सभी मण्डल के नियुक्त मंडल अध्यक्षों की नाम की घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने किया, जिसमें मुंगेली के लिए सौरभ बाजपाई, मुंगेली ग्रामीण मंडल से राजीव श्रीवास एवं जरहागांव मंडल से नागेष्वर जायसवाल को जिम्मेदारी सौपी गई। इस अवसर पर लोकनाथ सिंह, शंकर सिंह, मोहन मल्लाह, द्वारिका जायसवाल, जेठू सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार तिवारी, मानस सिंह, श्रीकांत पाण्डेय, समीर आहिरे, शैलेंद्र तिवारी, डॉ आशुतोष तिवारी, सुनील पाठक, कोटू दादवानी, राजेन्द्र वैष्णव, पवन पाण्डेय, राणा प्रताप सिंह, अमितेश आर्य, नितेश भारद्वाज, मानस प्रताप सिंह बैस, अरविन्द सिंह राजपूत, जितेंद्र दिवाकर, भागीरथी यादव, जीवन पटेल, प्रदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह,मनी सिंह, विश्वधर सिंह, जितेंद्र दावडा। प्रवीण सोनी, संदीप सिंह, दिनेश जायसवाल, मोती साहू, चन्द्रहास गोस्वामी, हिरेन्द्र ताराचंद जांगड़े, मेला राम साहू, राजेश्वर टण्डन, दानी सिंह, उमेश विश्वकर्मा, मोहित यादव, डॉ ज्ञान सिंह, राममिलन साहू, संतोष सिंह, जनक राम साहू, खगदेव साहू, शिवकुमार साहू, सुखु राम साहू, शुभम विश्वकर्मा, सचिन यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## तीन दिवसीय कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया गया



**मुंगेली** । छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मुंगेली में तीन दिवसीय कार्यक्रम/ गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके तहत दिनांक 16 दिसंबर को लोकतंत्र ही सुशासन का आधार है विषय में वाद विवाद प्रतियोगिता, 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में सुशासन एवं उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में) विषय में संगोष्ठी और 19 दिसंबर को संविधान में प्रदत्त मूल अधिकार एवं कर्त्तव्य पर आधारित' विषय में नुक्क ड़ नाटक का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। सभी कार्य मों और गतिविधियों की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (कु.) प्राची सिंह किया गया। जिसमें संयोजक के रूप में प्रेमा कुजुर (सहा. प्रा. हिन्दी), कार्यक्रम के निर्णायक के रूप ने सुरेन्द्र कुमार तिरंगा (सहा. प्रा. राजनीति विज्ञान) एवं मदन लाल कश्यप (सहा. प्रा. वाणिज्य) रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने पक्ष तथा विपक्ष में अपने अपने विचार रखे।

# नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधियों का किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के जिलाध्यक्ष पवन साहू , भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व डौंडी मंडल के चुनाव अधिकारी प्रीतम साहू ने 20 दिसम्बर को दल्लीराजहरा व डौंडी मंडल व कुसुमकसा मंडल के अध्यक्षों की घोषणा की है । जिसमें दल्लीराजहरा के वरिष्ठ नेता व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी के नेतृत्व में 21 दिसम्बर 2024 को संध्या उनके निवास स्थान पर भाजपा के नवनिर्वाचित दल्लीराजहरा, कुसुमकसा मंडल अध्यक्षों व महामंत्री एवं जिला पदाधिकारी का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह (गुड्डू), मंडल महामंत्री रमेश गुज्जर, कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा (गांधी), व जिला प्रतिनिधि राकेश द्विवेदी को पुष्पगुच्छ व गुलाल लगा कर स्वागत व सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्यरूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश दशोडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता रमेश जैन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सह-सोशल मीडिया प्रभारी हितेश कुमार डोंगरे, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज दुबे, विजय भान, सुजीत झा, मुकेश खस, संजीव सिंह, दादू गुप्ता, सोमेश जायसवाल, बसंत जैन, संतोष जैन, नीलेश श्रीवास्तव, तोरन साहू, भूपेन्द्र श्रीवास, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मरकाम, मंजीत कौर, टी.ज्योति, उषा साहू उपस्थित थे।

# थाना जरहागांव क्षेत्रांतर्गत मुकबुधिर महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जरहागांव क्षेत्रांतर्गत मंदबुद्धि (अर्थविक्षिप्त) मुकबधिर शाम करीबन 04.00 बजे नहाने के लिये घर से निकली थी वापस घर नही आने पर परिजनों के द्वारा ढुढ़ने पर पड़ियाइन के तीन लड़के मुकबधिर को मोटर सायकल मे बैठाकर अमलीकापा खार मे ले जाकर दैहिक शोषण (बलात्कार) किये है और मोबाइल से विडियो फोटो खींचे है, उक्त तीनो राजु टंडन, बिरीज पात्रे, जलेश कुमार रात्रे को गांव वाले पकड़े है इस संबंध मे सुचना प्राप्त होने पर तत्काल जरहागांव पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मौके पर पुछताछ कर वरिष्ठ अधिकारियों का अवगत कराया गया जिस पर मामले के गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाने परिपालन मे अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एस.डी.ओ.पी मुंगेली मयंक तिवारी के मार्ग दर्शन पर पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर अपराध क्र पीड़िता के मां की रिपोर्ट पर अपराध बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर मंदबुद्धि (अर्थविक्षिप्त) पीड़िता का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया व महिला पुलिस अधिकारी से पीड़िता के मां का कथन लेख किया गया, प्रकरण मे आरोपीगण राजु टण्डन पिता राजकुमार उम्र 22 वर्ष बिरीज रात्रे पिता चंदु उम्र 30 वर्ष जलेश कुमार रात्रे पिता लीलदास उम्र 21 वर्ष सभी निवासी ग्राम पड़ियाइन थाना पथरिया जिला मुंगेली का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से 20.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उपनिरीक्षक सुशील बंछोर थाना प्रभारी जरहागांव, सउनि रामकुमारी यादव, प्र.आर. महेश राज, आर. उमेश सोनवानी की अहम भूमिका रही।

# चौथे दिन की कथा में हुआ वामन अवतार एवं कृष्ण जन्म का वर्णन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्थानीय समता कॉलोनी रायपुर धाम खाटू श्याम मंदिर में जिंदल एवं सिंघल परिवार की ओर से आयोजित श्रीमदभागवत कथा अमृत महोत्सव में डीडवाना नागौर राजस्थान से पधारे आचार्य पंडित संजय कृष्ण शास्त्री महाराज ने कथा के चौथे दिन भगवान वामन अवतार, रामावतार एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया तथा बच्चों ने वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण-वासुदेव की मनमोहक झांकियां भी पेश की। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए गुरुजी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म कंस की कारागार में भादो मास की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में मध्य रात्रि के समय हुआ था। आगे चलकर भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचारों से मुक्त किया तथा अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। अतः श्री कृष्ण हमारे पूज्य देव हैं। शास्त्री ने बताया कि राम कथा हमे जीना सिखाती हैं, और भागवत कथा जीवन को तारना सिखाती हैं। कथा के मुख्य यजमान निर्मल सिंगल और नवरंग जिंदल ने बताया कि जीवन की भगड़ोडी भरी जिंदगी में हमे भी भव्य कथा के आयोजन का और रस पान का अवसर मिला यह हमारा परम सौभाग्य है और उन्होंने समाज से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चों सहित सभी कोई आए तो उस परिवार के बच्चों को यानी कि आने वाली पीढ़ी को जीवन जीने की शैली मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आगे जानकारी देते हुए बताया गया कि यह श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन 3:15 से 6:15 तक 25 दिसंबर तक चलेगी।

**नगरीय निकायों में पार्षदों के आरक्षण प्रक्रिया के बाद जारी वर्गवार सूची से भाजपा का ओबीसी विरोधी चरित्र प्रमाणित**

# पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का दावा झूठा, भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी: मनोज सागर यादव

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज सागर यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की बदनीयती के कारण बस्तर सरगुजा संभाग में अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग चुनाव लड़ने तरस जाएंगे, मैदानी क्षेत्रों में भी छत्तीसगढ़ सरकार ने ओबीसी वर्ग के अधिकारों के खिलाफ़ षडयंत्र रचा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों में आरक्षण को लेकर बीजेपी सरकार द्वारा जो संशोधन किया गया है वह छत्तीसगढ़ की बहुसंख्यक आबादी जो अन्य पिछड़े वर्ग के हैं, उनके साथ अन्याय है, अत्याचार है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नें कहा कि भाजपा से जुड़े लोग स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का दावा कर रहे हैं, लेकिन हक़ीक़त यह है कि आरक्षित सीटों की कुल संख्या ही अधितकम 50 प्रतिशत है, इसमें एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और ओबीसी सभी के आरक्षण शामिल हैं। सरकार ने आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत की है, जहां एससी-एसटी की आबादी 50 फीसदी से ज्यादा है, वहां पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। सरकार के इस निर्णय से बस्तर, सरगुजा संभाग में ओबीसी के लिए कुछ बचा ही नहीं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलतः आरक्षण विरोधी है। छत्तीसगढ़ में जब ये विपक्ष में थे, तो राजभवन की आड़ में विधानसभा से सर्वसम्मति से पारित आरक्षण विधेयक लटकाए रखें। आरक्षित वर्गो को उनकी हिस्सेदारी के अनुसार आरक्षण का लाभ देने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के द्वारा 2 दिसंबर 2022 को सर्वसम्मति से पारित, ÷छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक÷ विगत 2 वर्ष से अधिक समय से भाजपा नेताओं की बदनीयती के चलते आज तक राजभवन में लंबित है। भाजपाई बताएं कि छत्तीसगढ़ की बहुसंख्यक आबादी के शिक्षा और रोजगार के हितों को प्रभावित करने वाले इस महत्वपूर्ण आरक्षण विधेयक को कब तक राजभवन में लंबित रखा जाएगा? भाजपाई बताएं कि छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक आबादी जो ओबीसी हैं, उनको 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ क्यों नहीं मिलना चाहिए? सामान्य वर्ग के गरीबों को ईडब्ल्यूएस का आरक्षण क्यों बाधित है? अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत आरक्षण के लाभ के साथ अनुसूचित जातियों को उनकी आबादी अनुरूप 13 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती है भाजपा सरकार? यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के द्वारा आरक्षण के प्रावधानों में जो परिवर्तन किया गया वह पिछड़े वर्ग के हितों के खिलाफ़है। पिछड़े वर्ग के अधिकारों को छीनने का काम भाजपा की सरकार कर रही है, ऐसे असंतुलित प्रावधान के बाद पिछड़े वर्ग के लिए कुछ नहीं बचने वाला है। पिछड़े वर्ग के लोग महापौर, पार्षद, जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बनने के लिए तरस जाएंगे, यह सरकार पिछड़े वर्ग के खिलाफ़ लगातार षडयंत्र कर रही है। साय सरकार के ओबीसी विरोधी षडयंत्रों पर पर्देदारी करने भाजपा नेता, साय को पिछड़े वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर झूठे तथ्य प्रसारित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि केवल अन्य पिछड़े वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा तो कुल आरक्षण 96 प्रतिशत हो जाएगा। जबकि भाजपा बार बार कह रही है कि आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत ही रखा जाएगा, अध्यादेश में भी आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी ही है। नगरीय निकायों में जो पार्षदों के आरक्षण प्रक्रिया की सूची में स्पष्ट है कि ओबीसी वर्ग के साथ धोखा हुआ है। छत्तीसगढ़ में आधे से अधिक आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है, जिनके साथ यह सरकार ठगी कर रही है, उनके जायज़ हकों पर डकैती कर रही है।

# श्री श्याम गौशाला समिति में गौ पूजन कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत देवगई में स्थिति श्री श्यामा गौशाला समिति, आदर्श गौशाला एवं सेवा संस्था में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के निर्देशानुसार अतिरिक्त उपसंचालक डॉ.एस.एस. सेंगर के मार्गदर्शन में गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में गौ माता का विधि विधान से माल्यार्पण कर तिलक करने उपरांत धूप दीप से आरती कर गुड एवं केला का भोग लगाया गया। भोग को गौ माता को ग्रहण कराने के उपरांत उपस्थित जनों में भी प्रसाद को वितरण किया गया। तत्पश्चात पशुधन विभाग द्वारा कृमि नाशक दवा का पान कराकर मिनरल मिक्चर का वितरण किया गया। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी विजय जायसवाल, मोबाइल चिकित्सा इकाई के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी राकेश यादव, विनेश यादव, लवकेश पांडे, मुकेश पाल, संतोष कश्यप, गोपाल प्रजापति, रामकुमार सिंह,देव कुमार, सुकुमार मंडल, प्रिंस सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामचरित्र सोनवानी, गौशाला समिति के अध्यक्ष बद्री यादव कोषाध्याय आनंद चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पायनियर हलचल...

## कलाकार

आपने कलाकार शब्द को सुना होगा शायद समझा भी होगा। आमतौर पर टीव्ही सीरियलों, फिल्मों, नृत्य-नाटकों और मंचों पर विभिन्न तरह की प्रस्तुति देने वाले व्यक्तियों को कलाकार कहा जाता है। लेकिन यहां पर कलाकार राज्य के एक मंत्री को कहा जाने लगा है। वह भी उन्हीं के बड़े नेताओं और पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा। हालांकि राजनीतिज्ञों के पास तरह-तरह की कला होती ही है, अब मंत्री जी के पास कौन- कौन सी कला है, यह तो उनके नेता और कार्यकर्ता ही जानेंगे। कहते हैं कि मंत्री जी कला में उस्ताज हैं, वह समयानुसार अपने व्यक्तित्व को प्रदर्शित करते रहते हैं। उनके बार-बार बदलते स्वरुप को देखकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका नामकरण कलाकार रख दिया है। वैसे तो नेताजी के उपर यह नाम एकदम फिट बैठ रहा है, अक्सर नेता जी को बदलते देखा गया है, उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग भी कहते हैं कि नेताजी में बहुत बदलाव आ गया है। बहरहाल जितने मुंह उतनी बातें लेकिन इस बीच मंत्रीमंडल के भीतर कलाकार शब्द चल पड़ा है।

## अति-आत्मविश्वास कितना वाजिब?



निश्चित तौर पर ओपी चौधरी राज्य के एक ऐसे मंत्री हैं, जिनके विवेक और कार्यशैली से आम जनमानस खासी प्रभावित रहती है, खासकर युवाओं के बीच वह काफी लोकप्रिय हैं। अपने आप में विश्वास होना बहुत अच्छी बात है, लेकिन अति-आत्मविश्वास कितना वाजिब है? इसका फैसला तो खुद ओपी चौधरी को करना है। दरअसल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट को लेकर सदन में महत्वपूर्ण चर्चा चल रही थी। इस बीच अधिकारी दीर्घा में अधिकारियों की संख्या न के बराबर थी, जिस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई। विपक्ष की आपत्ति कुछ हद तक वाजिब भी है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि बजट को लेकर इतनी महत्वपूर्ण चर्चा चल रही और यहां एक भी अधिकारी मौजूद नहीं हैं। यह सुनते ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी सीट पर बैठे-बैठे यह बोल गए कि अधिकारियों की आवश्यकता नहीं है। निश्चित ही ओपी का आशय यह रहा होगा कि मैं वित्त मंत्री के रुप में सक्षम हूं, अधिकारी रहें या न रहें, हर सवाल का जबाव दूंगा। और इसका मतलब यह भी हो सकता है कि वह उन मंत्रियों में शामिल नहीं हैं जिसे अधिकारी चिट भेजेंगे तो वह जबाब देंगे। यह बात कहीं न कहीं ओपी चौधरी के अन्दर अति आत्मविश्वास का भी संकेत देती है। जबकि उन्हीं के साथ में बैठे अन्य मंत्री बिना चिट के जबाव नहीं दे सकते। तो भला विधानसभा में अधिकारियों की जरुरत कैसे नहीं है? बहरहाल जब ओपी चौधरी को घेरने की बात हो तो विपक्षी सदस्य भला कैसे अवसर हाथ से जाने देंगे। यहां भी कुछ ऐसा ही हुआ। बिना मौका गंवाए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बयान सुनते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से अधिकारी दीर्घा हटाने की मांग कर डाली। भूपेश ने कहा कि यदि अधिकारियों की यहां आवश्यकता नहीं तो सदन में अधिकारी दीर्घा की भी जरुरत नहीं, इसे हटवा दिया जाए। खैर विधानसभा अध्यक्ष ने बात की गंभीरता को समझते हुए भी बड़ी शालीनता से इस विषय को टाल दिया और मामला वहीं समाप्त हो गया। लेकिन वित्त मंत्री ओपी चौधरी के इस जवाब को राजनीतिक मायनों में अति-आत्मविश्वास का दर्जा दिया जा रहा है।

## चन्द्राकर के तेवर



शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी विधायकों का तेवर औसत रहा, वह कुछ खास नहीं कर पाये। वहीं अपने स्वभाव अनुरुप डॉ. चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष के रुप में विपक्ष का दायित्व निभाते नजर आये। लेकिन इस सत्र में विपक्षी सदस्यों से ज्यादा तेवर सत्तापक्ष के सदस्यों में देखा गया। कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर का तेवर देखते ही बनता था, वह उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को घेरने में तनिक भी कोताही नहीं बरते। हालांकि एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के रुप में अजय का यह दायित्व भी है कि वह खामियों को सदन में उजागर कर राज्य की जनता के साथ न्याय करें। निश्चित ही अजय चन्द्राकर शीतकालीन सत्र के दौरान इसकी कोशिश भी करते नजर आये। लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसके अलग ही मायने हैं, खैर चन्द्राकर अब किसी भी राजनीति मायनों से परे हैं। चन्द्राकर के तेवर को देखकर यह कहा जा सकता है कि सम्भवतः उन्होंने मंत्रीमंडल की आस को भी त्याग दी है। दरअसल दंतेवाड़ा में सड़क निर्माण में हुए कथित भ्रष्टाचार पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के जवाब से अजय चंद्राकर असंतुष्ट नजर आये। इस दरम्यान बिना संयम के अपनी ही पार्टी की सरकार पर वह आरोप लगा बैठे कि भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया जा रहा है। हालांकि अजय को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का पूरा संरक्षण मिला। जिसके बदौलत वह उपमुख्यमंत्री से बार-बार सवाल करते नजर आये। बार-बार पूरक प्रश्न पूछने के कारण आखिरकार उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी, साथ ही ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेट करने की घोषणा की गई। कुल मिलाकर चंद्राकर का यह तेवर आगे भी बरकरार रहा तो, राज्य में ठंडे विपक्ष की कमी का एहसास नहीं होगा।

## सुबोध की रिलीविंग और एक दिन के भीतर पोष्टिंग, मायने?




1997 बैच के आईएएस अफसर सुबोध कुमार सिंह को मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। एक सप्ताह के अन्दर यह पूरा घटनाक्रम हुआ और एक दिन के भीतर राज्य सरकार ने सुबोध सिंह का आदेश जारी कर दिया। खैर सरकार ने आनन-फानन में सुबोध सिंह को छत्तीसगढ़ वापस क्यों बुलाया और रातों- रात उन्हें पीएस टू सीएम क्यों बनाया गया? यह तो स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव ही जानेंगे। बहरहाल कारण जो भी लेकिन सुबोध सिंह के छत्तीसगढ़ वापस आने से एक बार फिर प्रशासनिक गति जरुर देखने को मिलेगी। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते हुए सुबोध सिंह सीएम सचिवालय के ही नहीं बल्कि पूरे अफसरशाही में एक विश्वसनीय चेहरा रहे। रमन सिंह के कार्यकाल में वह मुख्यमंत्री सचिवालय में रहते हुए माइनिंग, ऊर्जा और लोक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सम्भाल चुके हैं। निश्चित ही सुबोध सिंह के अनुभव का लाभ राज्य को मिलेगा। लेकिन आनन-फानन में सुबोध को सीएम सचिवालय में क्यों बैठाया गया? इसको लेकर चर्चाएं छिड़ी हुई हैं।

## जीपी सिंह की धमाकेदार वापसी



आईपीएस जीपी सिंह आरोपों से बरी होकर एक बार फिर राज्य की अफसरशाही में धमाकेदार एंन्ट्री कर चुके हैं। हालांकि अभी तक जीपी सिंह को राज्य सरकार ने कोई जिम्मेदारी नहीं सौंपी है। लेकिन यह माना जा रहा है कि जीपी सिंह को कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। जीपी सिंह अपने स्वभाव अनुरुप आमद देने के बाद विधानसभा पहुंचे वहां पर सीएस से लेकर तमाम अफसरों से मुलाकात की। इसके साथ ही जीपी ने कुछ राजनेताओं से भी मुलाकात की। हालांकि जीपी सिंह को अचानक विधानसभा में देखकर प्रशासनिक गलियारों में चहल-पहल शुरू हो गई।

## नियम-परम्परा और विजय शर्मा




राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एक अच्छे राजनेता के साथ-साथ एक अच्छे वक्ता भी हैं। उनका प्रजेन्टेशन सभी को सम्मोहित करने वाला होता है। लेकिन सदन तो नियम परम्पराओं से चलता है और विधानसभा में नियम-परम्पराओं के संरक्षण की जवाबदेही विधानसभा अध्यक्ष की होती है। दरअसल यह बात हम यहां इसलिए कहना चाहते हैं कि आपके अन्दर कितनी भी खूबियां हो, लेकिन कुछ जगह उन्हें दबा कर रखना पड़ता है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को भी शीतकालीन सत्र में नियम-परम्पराओं के सामने अपनी खूबियों को दबा के रखना पड़ा। विधानसभा सत्र के आखिरी दिन कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने स्थगन लाया था। स्थगन प्रस्ताव के आरोपों पर बतौर गृहमंत्री विजय शर्मा को जवाब देना था। परंपराओं अनुरुप लिखित जवाब को संबंधित मंत्री सदन के अन्दर वाचन करते हैं या पढ़ते हैं, वहीं शासन का जवाब होता है। लेकिन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा लिखित जवाब को और अधिक अच्छे ढंग से देने का प्रयास कर रहे थे। वह कुछ पाइंट स्वंय नोट कर लिखित जवाब से पहले बोलना शुरु कर दिए। जिस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई, विपक्षी सदस्यों ने कहा कि यह नई परम्परा है अभी तक विभाग द्वारा दिए गए लिखित जवाब का मंत्री वाचन करते आये हैं। मंत्री जी को कुछ और बोलना है तो चर्चा में बोल लेंगे। स्थगन प्रस्ताव पर शासन का जवाब खत्म होने के बाद भी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अन्दर और कुछ बोलने की जिज्ञासा दिखी। उन्होंने इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से अनुमति भी मांगी, लेकिन अध्यक्ष ने साफ तौर पर कह दिया अब कोई अनुमति नहीं है। शायद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को यह आभास हो चुका था कि अब विजय शर्मा को इस विषय में ज्यादा बोलने का अवसर देना ठीक नहीं। बहरहाल इस वाकया के शिकार उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कहीं न कहीं यह प्रदर्शित करने की कोशिश कर रहे थे कि उनके मंत्रालयों में उनकी पकड़ काफी मजबूत है, और वह अधिकारियों द्वारा बनाए गए बयानों से ज्यादा अपने अध्ययन और विवेक पर विश्वास करते है। सम्भवतः इसीलिए वह लिखित जवाब के साथ और भी कुछ तथ्य जोड़कर बोलना चाहते थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। इस घटनाक्रम से यह समझा जा सकता है कि आपके अन्दर विशेष कला होने के बावजूद भी कुछ जगह नियम और परम्पराओं का ख्याल रखना पड़ता है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# शहीद वीर नारायण सिंह का देश को आजाद कराने में अमूल्य योगदान है : विजय शर्मा

## उप मुख्यमंत्री ने छात्रावास के विकास के लिए 5.50 लाख रुपये की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, भोरमदेव रोड में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने मेन रोड से छात्रावास तक पहुंच के लिए सीसी रोड निर्माण हेतु 1 लाख रुपये, मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपये, और छात्रावास में शौचालय निर्माण व अन्य मरम्मत कार्यों के लिए 2.50 लाख रुपये की घोषणा की। उन्होंने बालक-बालिका छात्रावास में 50-50 सीटें बढ़ाने का आश्वासन भी दिया। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने गरीबों और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया। देश को आजाद कराने में उनका योगदान अमूल्य है। उनका त्याग और बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने जो मार्ग दिखाया है, हमें उसी के अनुरूप कार्य करना है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सर्व आदिवासी और विश्व आदिवासी की बात आने पर हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में मनाने की बात कही और सभी को साथ रहने और एकता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिले में मिनी स्टेडियम बनाया जा रहा है, जिससे युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का नेतृत्व किया और गरीबों व आदिवासी समाज के विकास के लिए आजीवन कार्यरत रहे। उनका योगदान देश की आजादी के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, संतराम धुर्वे, मानीराम साहू, मोती बैगा सहित छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत शहीद वीर नारायण सिंह अंग्रेजों से लोहा लेते हुये 10 दिसम्बर 1857 को वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हें 1857 के क्रांति में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का गौरव प्राप्त है। सोनाखान शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि है।

## हमर हटरी में छत्तीसगढ़ के सभी कलाकारों के शिल्पकला का है अनोखा संग्रह : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्कूल चौक बोरसी, दुर्ग में जीविका स्व. सहायता समूह के हमर हटरी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साव ने कहा कि, हमर हटरी में छत्तीसगढ़ के सभी कलाकारों के शिल्पकला का अनोखा संग्रह है। यहां पूरा छत्तीसगढ़ एक छत के नीचे समाहित है। साय सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। जीविका स्व सहायता समूह कला एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए सराहनीय कार्य किया है। उन्हें निश्चित ही सफलता मिलेगी। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, यह प्रयास समूह की अध्यक्ष लिलेश्वरी साहू और उनकी टीम द्वारा किया गया। वास्तव में ये महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है। हमर हटरी में छत्तीसगढ़ के सभी कलाकारों के शिल्पकला का अनोखा संग्रह है। पूरा छत्तीसगढ़ एक छत के नीचे समाहित है। यह छत्तीसगढ़ की पहली हटरी है, जहां राज्य की संपूर्ण कला और संस्कृति का समावेश है। हमारा राज्य कला एवं संस्कृति की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ में कई नामी कलाकार हैं, जिन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

## इंडोर स्टेडियम के पास पुराना धरना स्थल पर वेंडिंग जोन विकास का कार्य शीघ्रता से पूर्णता की ओर अग्रसर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर में इंडोर स्टेडियम के पास बूढ़ापारा में पुराना धरना स्थल में वेंडिंग जोन विकास करने का कार्य तेज गति से पूर्णता की ओर अग्रसर है। नगर निगम द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों को वेंडिंग जोन का विकास करने के कार्य के लिए चिन्हित किया गया है एवं उस पर कार्य किया जा रहा है। शहर में बूढ़ापारा में पहला विकसित वेंडिंग जोन रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार शीघ्र नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत नवनिर्मित 10 गुमटियों के आबंटन की कार्यवाही किये जाने के पश्चात जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से शीघ्र प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। यहाँ वेंडिंग जोन विकास योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 10 |10 आकार की 10 गुमटियाँ विकसित की गयी है। इससे यहां के मुख्य मार्ग में व्यस्त यातायात को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने में वेंडिंग जोन प्रारम्भ होने पर सहायता मिलेगी। नागरिकों को सुगम और सुव्यवस्थित आवागमन मिलने के साथ योजना के क्रियान्वयन से नागरिकों को रोजगार मिलेगा। वेंडिंग जोन का विकास एवं प्रथम चरण में 10 गुमटियों का निर्माण एवं विकास योजना के तहत निविदाकार फर्म द्वारा निविदा शर्त के अनुसार किया गया है। निविदाकार फर्म द्वारा अनुबंध के अनुसार आगामी 5 वर्षों तक वेंडिंग जोन क्षेत्र का संधारण किया जायेगा एवं साथ ही फर्म द्वारा अपनी संस्था का प्रचार-प्रसार करने अपना प्रचार विज्ञापन बोर्ड यहाँ लगाया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ और ओडिशा में है पर्यटन की अपार संभावनाएं : केदार कश्यप



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम 'चलो देखें अपना देश' टूरिज्म कॉन्क्लेव में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ और ओडिशा को भगवान श्री जगन्नाथ के आशीर्वाद से खनिज संपदा और प्राकृतिक सौन्दर्य का उपहार मिला है। दोनों ही राज्यों में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप दोनों ही राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। वनमंत्री कश्यप ने कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक रिश्तों को भी रेखांकित करते हुए कहा कि, भगवान श्री जगन्नाथ के आशीर्वाद से ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्य प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण है। दोनों ही राज्यों में अनेक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थल हैं और दोनों राज्यों के बीच 'रोटी-बेटी' का रिश्ता है। वन मंत्री कश्यप ने कहा कि, जगन्नाथपुरी में वर्षो से बस्तर बाड़ा है। जहां छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन के लिए आते है और वहां ठहरते हैं।

## जैन मंदिर में 10 लाख के आभूषण की चोरी

**रायपुर।** रायपुर में चोरों ने अब मंदिरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। लाभांडी स्थित जैन मंदिर में चोरी की बड़ी घटना को चोरों ने अंजाम दिया है, जिसमें कीमती कलश, छत्र समेत अन्य आभूषण को लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद तेलीबाधां पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, रायपुर के लाभांडी स्थित पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में चोरी की बड़ी घटना हुई है। चोरों ने मंदिर में 10 लाख से अधिक के कलश, छत्र समेत अन्य आभूषण को लेकर फरार हो गए हैं। मंदिर में भगवान की मूर्ति को छोड़कर चोरों ने सबकुछ पार कर दिया हैं। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। चोरों ने जैन मंदिर में मूलनायक का स्वर्ण पॉलिस छत्र, 5 पंचमेरू, 8 अष्टप्रिहार्य, चांदी की 2 बड़ी थाली, चांदी के 9 अभिषेक कलश, चांदी के 6 शांतिधारा झारी, एक स्वर्ण कलश, चार छत्र चांदी, दो चांदी भाली, तीन आशिका, 5 चांदी की छोटी प्लेट, एक चांदी का लोटा, चांदी की एक गुंडी, चांदी की एक बड़ी गंजी, चांदी की एक चम्मच और अन्य सामग्री चोरी की है।

23 Dec. 2024 Pride Of Raipur






























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403